आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 155 हापुड़, रविवार 22 दिसंबर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## कुवैत यात्रा भविष्य की साझीदारी के लिए रोडमैप तैयार करने का अवसर प्रदान करेगी- मोदी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कुवैत की दो दिन की यात्रा दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने और आपसी लाभ की भविष्य की साझीदारी के लिए एक रोडमैप तैयार करने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने रवानगी के पूर्व अपने वक्तव्य में कहा, आज, मैं कुवैत राज्य के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। हम कुवैत के साथ पीढ़ियों से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंध को गहराई से महत्व देते हैं। हम न केवल मजबूत व्यापार और ऊर्जा भागीदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में भी हमारे साझा हित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा,मैं कुवैत के अमीर, क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठकों के लिए उत्सुक हूं। यह हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए भविष्य की साझेदारी के लिए एक रोडमैप तैयार करने का अवसर होगा। उन्होंने कहा,मैं कुवैत में भारतीय प्रवासियों से मिलने का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं, जिन्होंने दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने में बहुत योगदान दिया है। मैं खाड़ी क्षेत्र के एक प्रमुख खेल आयोजन, अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में मुझे विशेष रूप से आमंत्रित करने के लिए कुवैत के नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं। मैं एथलेटिक उत्कृष्टता और क्षेत्रीय एकता के इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा भारत और कुवैत के लोगों के बीच विशेष संबंधों और दोस्ती के बंधन को और मजबूत करेगी।

## जयपुर में गैस टैंकर में आग लगने से हुए हादसे में मृतकों की संख्या 14 पहुंची

जयपुर । राजस्थान की राजधानी जयपुर में अजमेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गैस टैंकर में आग लगने के बाद हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मृत्यु हो जाने से इसमें मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई जबकि करीब 35 लोग घायल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंभीर रूप से घायल राजकुमार और गोविंद ने शुक्रवार रात दम तोड़ दिया जिससे इसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 पहुंच गई। हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी जबकि गंभीर रूप से घायलों में नौ लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। घायलों का सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज चल रहा जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा में एक पेट्रोल पंप के पास एक गैस टैंकर से अन्य वाहन के टकराने पर लगी आग से यह हादसा हुआ जिसमें आसपास के क्षेत्र एवं कई वाहनों में आग लग गई थी।

## इंतजार कर रहा कच्छ, रण उत्सव मोह लेगा हर किसी का मन - पीएम मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्छ में आयोजित होने वाले रण उत्सव के लिए देशवासियों को आमंत्रित किया है। 1 नवंबर 2024 से शुरू ये रण उत्सव फरवरी 2025 तक चलेगा। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह उत्सव एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, कच्छ आप सभी का इंतजार कर रहा है। आइए, चल रहे रण उत्सव के दौरान कच्छ की शानदार संस्कृति और गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी का आनंद लें। यह महोत्सव आपके और आपके परिवार के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होने का वादा करता है। पीएम मोदी ने एक अन्य वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कच्छ की परंपरा, संस्कृति और विरासत का प्रतीक रण उत्सव हर किसी का मन मोह लेने वाला है। अद्भुत क्राफ्ट बाजार हो, सांस्कृतिक कार्यक्रम या फिर खान-पान की परंपरा, यहां का आपका हर अनुभव अविस्मरणीय बन जाएगा। आप सभी से मेरा आग्रह है कि एक बार अपने परिवार के साथ इस रण उत्सव में जरूर आएं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने पीएम मोदी के पोस्ट को शेयर किया है। उन्होंने लिखा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में कच्छ का सफेद रण वर्ल्ड क्लास टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है। यहां आयोजित रण उत्सव प्राकृतिक सौंदर्य के साथ कला और संस्कृति का अद्भुत संगम है। रण उत्सव में जरूर पधारिए, आप खुद कहेंगे की कच्छ नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा

## मोदी ने ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ध्यान व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। उन्होंने लिखा,आज, विश्व ध्यान दिवस पर, मैं सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव करने का आह्वान करता हूं। ध्यान एक व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। प्रौद्योगिकी के युग में, ऐप्स और निर्देशित वीडियो हमारी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने में मदद करने वाले मूल्यवान उपकरण हो सकते हैं। उल्लेखनीय है संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर आज के दिन को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## संभल में दूसरे दिन पहुंची एएसआई की टीम

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम लगातार दूसरे दिन भी सर्वे करने पहुंची। शनिवार को टीम सबसे पहले कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची। इसके बाद टीम ने मंदिर के पास स्थित कृष्ण कूप का निरीक्षण किया। संभल की एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि आर्कियोलॉजी की टीम आई थी। यहां पर एक प्राचीन कृष्ण कूप है। जिसका काल निर्धारण होना है। वह कितना पुराना है। उसी का निरीक्षण किया है। टीम ने कल्की मंदिर के भी दर्शन किए हैं। यह टीम लगभग 15 मिनट यहां पर रुकी है। कल्कि मंदिर के पुजारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि यहां पर एक टीम आई थी। उन्होंने एक कुआं देखा। वह कोने पर है। टीम परिसर में घूमी और मंदिर के अंदर की फोटो ली। मैंने उनसे कहा कि इस कार्य को मैं पुनर्जीवित करवाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि यह बहुत पुराना मंदिर है। एक हजार वर्ष का नक्शा, उसमें यह मंदिर दिखाया गया है। जो हरि मंदिर है उसके अन्दर यह मंदिर बना है। ज्ञात हो कि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने संभल के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए एएसआई निदेशक को पत्र भेजकर सर्वे कराने की मांग की थी। इसके बाद एएसआई की टीम ने संभल में प्राचीन धार्मिक स्थलों और कुओं का सर्वे शुरू किया। डीएम ने कहा था कि संभल का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। 19 कूप और पांच तीर्थों का एएसआई की टीम ने सर्वे किया है। यह सर्वे करीब 9 घंटे तक चला है। अगर आवश्यकता हुई तो टीम को फिर से बुलाया जा सकता है। अभी तक जो भी सर्वे टीम ने किया है, उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार होगी।

## गोंडा में चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या के दोषी को फांसी की सजा

गोंडा । उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की एक अदालत ने घटना के छह माह के अंदर चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या के आरोपी को दोषी करार देते हुए शनिवार को फांसी की सजा सुनाई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने आज बताया, ''सत्र परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनकर प्रकरण में आरोपी विश्वनाथ वंशकार को दोषी करार दिया और घटना को जघन्यतम की श्रेणी में रखते हुए शनिवार को फांसी की सजा सुनाई।'' एसपी ने घटना के संदर्भ में बताया कि जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा रेलवे स्टेशन के निकट बाग में 21/22 जून 2024 की रात में चार वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने के उपरांत हत्या कर दी गई थी। उसका शव अगले दिन सुबह क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में विष्णु गुप्ता उर्फ किन्ने की तरफ से अज्ञात के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कराया गया था। एसपी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने एसओजी और सर्विलांस समेत पांच टीमों का गठन किया था, और सभी टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलन करते हुए घटना के 24 घंटे के अंदर दतिया (मध्यप्रदेश) निवासी विश्वनाथ वंशकार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेजा था। उन्होंने बताया कि विवेचक तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने मात्र दस दिन के अंदर विवेचना पूरी कर प्रकरण में भारतीय दण्ड विधान की दुष्कर्म की धारा 376 तथा पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। इसके बाद सुनवाई पूरी करते हुए अदालत ने शनिवार को सजा सुनाई। एसपी ने कहा कि वाद के त्वरित निपटारे में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) बसंत कुमार शुक्ला, विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह तथा सुनील कुमार मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एलजी ने ईडी को आप संयोजक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

### अरविंद केजरीवाल की बढ़ी मुश्किल



नई दिल्ली । दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आबकारी नीति मामले में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। 5 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी थी। 30 जनवरी को केजरीवाल की एक याचिका पर हाईकोर्ट करेगा सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट 30 जनवरी 2025 को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने सूचित किया कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू शुक्रवार को प्रस्तुतियां देने वाले थे, लेकिन वह नहीं पहुंच सके। अदालत ने केजरीवाल के वकील के अनुरोध पर मामले को शुरू में 19 फरवरी 2025 के लिए सूचीबद्ध किया था। इसके बाद 30 जनवरी को पोस्ट किया है। केजरीवाल के वकील ने स्थगन के ईडी के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा, यहां एक व्यक्ति है, जिसके चुनाव जनवरी में आ रहे हैं और वह मामले पर बहस करने के लिए दूसरे पक्ष का अंतहीन इंतजार कर रहा है। अदालत ने आप नेता मनीष सिसौदिया की इसी तरह की याचिका पर भी 30 जनवरी 2025 की सुनवाई तय की है।


केजरीवाल और सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की है केजरीवाल और सिसोदिया दोनों ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की है और तर्क दिया है कि ट्रायल कोर्ट ने उनके अभियोजन के लिए मंजूरी के अभाव में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जो कानून में अनिवार्य है क्योंकि कथित अपराध के समय वे लोक सेवक थे। हालांकि, ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है और वह एक हलफनामा दाखिल करेंगे।

## गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर बसपा ने किया 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान



लखनऊ । संसद में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद शुरू हुई विपक्षी दलों की सियासत ने अब तेजी पकड़ ली है। इसे लेकर बसपा मुखिया मायावती ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्मसम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। उनका अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुंचाता है। उन्होंने आगे लिखा कि ऐसे महापुरुष को लेकर संसद में इनके द्वारा कहे गए शब्दों से पूरे देश में सर्व समाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आंदोलित हैं। अम्बेडकरवादी बीएसपी ने इस क्रम में उनसे बयान वापस लेने व पश्चाताप करने की मांग की है, जिसपर अभी तक भी अमल नहीं किया जा रहा है। मायावती ने कहा कि ऐसे में मांग न पूरी होने पर फिर पूरे देश में आवाज उठाने की बात बीएसपी द्वारा की गई। इसलिए अब पार्टी ने अपनी इस मांग के समर्थन में 24 दिसंबर 2024 को देशव्यापी आन्दोलन करने का फैसला लिया है। उस दिन देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पूर्णत: शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आगे लिखा कि दलित/बहुजनों को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्म-सम्मान के साथ जीने के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष व आरक्षण सहित उनको अनेकों कानूनी हक दिलाने वाले उनके सच्चे मसीहा बाबा साहेब के नहीं रहने पर उनके अनुयायियों का हित व कल्याण ही उनका सबसे बड़ा सम्मान है, जिसके लिए बीएसपी समर्पित है। मायावती ने कहा कि अत: कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियां अगर बाबासाहेब का दिल से आदर-सम्मान नहीं कर सकती हैं तो उनका अनादर भी न करें। बाबासाहेब के कारण एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले उसी दिन उन्हें सात जन्मों का स्वर्ग भी मिल गया है।

## किसानों के साथ संवाद की जरूरत- धनखड़



नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि किसानों के साथ संवाद करने और संवेदना जताने की आवश्यकता है।

श्री धनखड़ हरियाणा के सिरसा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, आज आवश्यकता है संकल्पित होने की—अन्नदाता से संबंधित प्रकरण संवाद और संवेदना से निर्णीत हों। अन्नदाता आर्थिक समृद्धि का आधार है। सामाजिक समरसता का सूत्रधार है।अन्नदाता का कल्याण ही देश प्रगति का शाश्वत रास्ता है और यही देश हित में भी।卐 उन्होंने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा प्रदेश के पाँच बार मुख्यमंत्री और सात बार विधायक रहे। लेकिन उनका व्यक्तित्व इनसे परिभाषित नहीं होता। जीवन पर्यंत उन्होंने अपने को किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला वर्ष 1989 के बड़े राजनीतिक बदलाव के प्रमुख सूत्रधारों में से थे। किसान कर्ज़ मुक्ति उनका ध्येय था। जनता दल सरकार का किसान कर्ज़ माफी कदम उनकी पहल था। निस्संदेह देश विकास और विकसित भारत का लक्ष्य ग्रामीण और किसान हित साधने से ही संभव है। उपराष्ट्रपति एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ सुदेश धनखड़ दिवंगत नेता के निवास तेजा खेड़ा पहुंचे। चौटाला परिवार से श्री धनखड़ के दशकों पुराने आत्मीय संबंध रहे हैं। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। इससे पहले श्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि एक दूरदर्शी राजनेता के रूप में उन्होंने सदैव ग्रामीण विकास एवं कृषि समृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। हरियाणा के समग्र विकास तथा भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनका अविस्मरणीय योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## सीएम योगी से मिलकर चहक उठे स्कूली बच्चे



गोरखपुर । अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में सुप्रसिद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी बातें करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो कानून व्यवस्था को लेकर सख्त छवि वाले मुख्यमंत्री से मिलकर बच्चे चहक उठते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों के साथ परस्पर जुड़ाव की अनुभूति का एक दृश्य शनिवार दोपहर बाद गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर में जीवंत हुआ। सीएम योगी आजीविका मिशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोरखपुर आए। इसे लेकर शनिवार को गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले आंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगा। हवा में लहराते सैकडों बच्चों के हाथ देख और बालकंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल (योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह) जाने की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच गए। फिर शुरू हुआ वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह। आंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी। अकस्मात इस आत्मीय मुलाकात-संवाद के बीच बंद गेट से कई बच्चों ने मुख्यमंत्री की तरफ हाथ बढ़ा दिया और सीएम योगी ने भी बिना पल गंवाए अभिभावक सरीखे होकर उनके हाथ थाम लिए।

## महाकुम्भ में रंग-बिरंगी नावों पर नौका विहार कर सकेंगे श्रद्धालु

महाकुम्भ नगर । प्रयागराज की पहचान पूरे विश्व में त्रिवेणी संगम से होती है और संगम की पहचान यहां तैरती नावों से। इस बार श्रद्धालुओं को संगम तट पर नावों की अद्भुत छटा देखने को मिलेगी और इन नावों पर खूबसूरत चित्रकारी की जा रही है। एसडीएम (कुम्भ) अभिनव पाठक ने बताया कि महाकुम्भ 2025 को लेकर पूरे प्रयागराज और महाकुम्भ मेला क्षेत्र में निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में संगम के पक्के घाटों और नावों पर भी खूबसूरत चित्रकारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेला प्राधिकरण पांच लाख वर्गफुट क्षेत्र में पेंटिंग और चित्रकारी का कार्य करवा रहा है। इसके अलावा, नमामि गंगे मिशन के तहत लगभग 2000 नावों पर चित्रकारी की जा रही है, ताकि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव हो। प्रयागराज संगम में पीढ़ियों से नाव चलाने वाले नाविकों का कहना है कि कुम्भ 2019 और महाकुम्भ 2025 में पहली बार हम नाविकों की सुध ली गई है। नाविक सियाराम निषाद का कहना है, इससे पहले कुम्भ और महाकुम्भ जैसे बड़े अवसर पर केवल लाइसेंस जारी होते थे और प्रशासन नावों की सवारी का किराया तय करता था। हम नाविकों को और किसी तरह की सुविधा नहीं मिलती थी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में इस महाकुम्भ में तो हमें लाइफ जैकेट, सुरक्षा बीमा के साथ किराए में 50 फीसदी की बढ़ोतरी का उपहार दिया गया। साथ ही सरकार अब हमारी नावों की मरम्मत और पेंटिंग भी करवा रही है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है।

## सीएम योगी बोले, 'आधी आबादी की उपेक्षा करके सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता समाज'

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आधी आबादी की उपेक्षा करके कोई भी समाज सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता। हर महिला में सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इस संस्था द्वारा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए काम की भी कोई कमी नहीं है। जरूरत एक फील्ड का चयन कर उसके अनुरूप प्रशिक्षण लेकर खुद को तैयार करने और परिश्रम व पूरी तन्मयता से आगे बढ़ने की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और समाज के विकास तथा इसे सशक्त और शक्तिशाली बनाने के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना ही होगा। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता की सभी जय जयकार करते हैं और विफलता को दुत्कारते हैं। जन्म सफलता के लिए हुआ है, दुत्कारने के लिए नहीं। जब हम सही दिशा में अच्छा कार्य करेंगे तो सफलता के साथ सराहना भी मिलेगी। इसलिए सही दिशा में बढ़ें और कभी असफलता मिले तो उसकी समीक्षा कर कमियों को दूर करें। याद रखना होगा



कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। सही दिशा में किए गए परिश्रम से ही सफलतम कहानियां लिखीं जाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन यानी नारी सशक्तिकरण का नया दौर शुरू हुआ है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना हो, नारी वंदन, या फिर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मातृ वंदना योजना - ये सभी महिला सशक्तिकरण के लिए ही हैं। पहली बार स्वतंत्र भारत मे महिलाओं को यह अनुभव हुआ कि उनके नाम पर योजनाएं बनी हैं और इसका लाभ भी उन्हें प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर में बने शौचालय नारी गरिमा के प्रतीक हैं तो मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन नारी सम्मान और समर्थ नारी का अभियान। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के 40 लाख परिवारों को पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाणपत्र वितरित करेंगे। इसके पहले प्रदेश के 60 लाख परिवारों को घरौनी प्रमाणपत्र दिया जा चुका है। सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को प्रमाणपत्र वितरित करने के अलावा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी 7,405 महिला स्वयं सहायता समूहों को 242.30 करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया।

## संपादकीय

# मनुष्य के लिए है यह सबसे बड़ा यज्ञ, मिलता है जीवन का सार

दुनिया में दो विचारधाराओं के लोग हैं। एक वह जो पूंजीवाद को मानते हैं। दूसरे, जो समाजवाद की राह पर चलते हैं। पूंजीवादी धन संग्रह में विश्वास करते हैं और खुद को पूंजी का मालिक मानते हैं, जबकि समाजवादी कहते हैं पूंजी पर सबका हक है। इन दोनों से अलग हमारी संस्कृति, शास्त्र और ऋषि कहते हैं कि यह संपत्ति मेरी नहीं है और न समाज की है। यह तो प्रसाद है और प्रसाद का हमेशा सम्मान होता है। प्रसाद हमेशा बांट कर खाया जाता है, अकेले नहीं। उसका दुरुपयोग मत करो। आपने देखा होगा कि प्रसाद का एक कण भी जमीन पर गिर जाता है तो उसे उठाकर लोग माथे से लगाते हैं। कैपिटलिजम और सोशलिजम यानी क्रमश- पूंजीवाद और समाजवाद दोनों विचाराधाराओं में कुछ न कुछ कमियां हैं। इनसे हटकर हमारे शास्त्रों और ऋषियों ने जो व्यवस्था दी है वह भी एक विचारधारा है। यह यज्ञ की विचारधारा है। भूखे को रोटी, वस्त्रहीन को वस्त्र, गरीब मरीजों का सही ढंग से इलाज, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा, उन्हें कुपोषण से बचाने के लिए खानपान की उचित व्यवस्था, उनके बच्चों की शादी में आर्थिक रूप से सहयोगज् ये सब यज्ञ के ही अलग-अलग रूप हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह प्रसाद है। इसमें बांटने वाले को अहंकार नहीं होता। क्योंकि वह खुशी-खुशी बांटता है। लेने वाला भी बेचारा बनकर नहीं ले रहा। वह प्रसाद पाकर खुश हो जाता है। यज्ञ की सबसे फलश्रुति यह है कि देने वाले में अहंता और लेने वाले में लघुता का भाव नहीं आता। प्रसाद पर जितना हक बांटने वाले का है, उतना ही हक पाने वाले का है। एक व्यक्ति एक क्विंटल लड्डू भगवान को भोग लगाने के लिए बाजार से खरीद कर लाया। उस पर उसका तभी तक हक है, जब तक वह उसका मंदिर में भोग नहीं लगाता। भोग लगाने के बाद, उसमें चढ़ाने वाले का अपनत्व भाव खत्म हो जाता है। फिर वह प्रसाद हो जाता है। वह सब में बांटा जाता है। घर में रसोई बना कर, मन में ऐसी कामना करो कि कोई भूखा आ जाए, पहले उसे खिलाऊ, फिर मैं खाऊं। यह यज्ञ की भावना है। जो सिर्फ अपने लिए ही रसोई बनाकर खाता है, उसे हमारे यहां उचित नहीं कहा गया। यज्ञ करो, मतलब भूखे को भोजन कराओ। संपत्ति का विकेंद्रीकरण करके किसी रोते के आंसू पोंछो। किसी दुःखी, दीनहीन की मदद करो। इस प्रकार से यज्ञ कर संपत्ति का सदुपयोग करो। और जो आप के पास है उसे प्रसादरूप समझकर उसका उपयोग करो। यज्ञ की इस विचारधारा से बांटने वाले के मन में शांति, आनंद और संतोष के साथ-साथ इससे समाज और राष्ट्र में एक नई क्रांति और भाईचारे की भावना का उदय होगा। मंत्रों के साथ हवन सामग्री का होम कर देना ही यज्ञ नहीं है। भूखों को रोटी और गरीबों की मदद यह सबसे बड़ा यज्ञ है।संग्रहवृत्ति ने लोगों का तनाव बढ़ा दिया है। रातोरात आगे निकले की रेस में सब उलझे हुए हैं। आज इंसान भूल गया है कि यह जीवन क्षणभंगुर है। कब बुलावा आ जाए कुछ पता नहीं, फिर बैर क्यों? जो किसी बात पर आपसे खफा है, उसे भी गले लगाओ। एक बार हाथ बढ़ाओगे, सामने वाला अपने आप खिंचा चला आएगा। यही जीवन का यज्ञ है।

# तनाव मुक्त जीवन जीने का रामबाण उपाय

चाहे बच्चे हो या बड़े, महिला हो या पुरुष, अमीर हो या गरीब, तनाव नाम का कीड़ा हर किसी के जीवन को धीरे-धीरे खोखला करता जा रहा हैं। यह ना सिर्फ हमारी खुशियों पर प्रहार कर रहा हैं, बल्कि हमारी कार्य क्षमता को भी घटा रहा हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज हम आपको कुछ ऐसे कारगर उपायों के बारे में बताएंगे जिन्हें अपना कर आप तनाव मुक्त जीवन बिता सकते हैं।-योग से होगा तनाव का सफाया। योग एक ऐसा रामबाण उपाय हैं जो ना सिर्फ आपके शरीर को फिट रखता हैं बल्कि आपके दिमाग को भी तन्दरूस्त रखता हैं। सुबह सुबह रोजाना योग करने से आप के दिमाग को काफी शान्ति मिलेगी।-गाने सुने। जी हां गाना एक ऐसी चीज हैं जो तनाव से मुक्ति दिलाने में सब से तेज कार्य करता हैं। स्लो और रोमांटिक गाने से लेकर हिप हॉप और डिस्को तक। जो केटेगरी आपको पसंद हो आप वो सुन सकते हैं।-ताजे-ताजे पकवान खाए, जी हां, आप माने या ना माने, पर बहुत से लोग तनाव की स्थिति में ज्यादा से ज्यादा भोजन करते दिखाई देते हैं। हम आप को सलाह देंगे की ज्यादा भोजन की बजाए। खास और आपका पसंदीदा भोजन खाए। इस तरह आपका पूरा ध्यान तनाव से हट कर खाने के स्वाद और आनंद में चला जाएगा।-कॉमेडी फिल्म या टीवी शो देखे। तनाव दूर करने का ये सब से आसान और मजेदार तरीका हैं। अपनी पसंदीदा हास्य फिल्म की सीडी या डीवीडी हमेशा अपने कलेक्शन में रखे। क्या पता कब आपको इस की जरूरत पड़ जाए।-बच्चों के साथ समय बिताए। कहते हैं बच्चे भगवान का रूप होते हैं। शायद इसीलिए बच्चो की चेहरे की मुस्कराहट और शरारतों को देख हमारे अंदर का बच्चा भी जाग उठता हैं और हम अपने बाहरी जीवन के तनाव को भूल जाते हैं।

# 22 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 07.08 प्रात-
सूर्यास्त- 05.42 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 12.19 रात्रि
चंद्र अस्त- 12.05 प्रात-
चंद्रमा-प्रात- 12.56 के बाद कन्या राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-21 पूर्णिमांत महीना पौष-07 पक्ष-कृष्ण पक्ष-07 तिथि- सप्तमी दोपहर- 02.32 तक बाद में अष्टमी, नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी प्रात- 06.14 तक बाद में उत्तराफाल्गुनी, योग-आयुष्मान सायं- 07.00 बजे तक बाद में सौभाग्य,करण-बव दोपहर- 02.32 तक बाद में बालव दोपहर- 03.48 तक बाद में कौलव राहु काल दोपहर- 04.30 से 06.00 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक यमगंड दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.04 से 12.46 तक दुमुहूर्त प्रात- 04.18 से 05.00 बजे तक अमृत काल प्रात- 1.04 से 02.52 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.32 से 06.20 तक।

# आज 22 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- संबंधों को कठोर वाणी से ना बिगाड़े, लीगल कार्य में क्लाइंट से अपना फ़ायदा निकाल लेंगे, विदेश जाने के प्रयासों में थोड़ा अटकलें रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ-दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा, धन लाभ के भी योग है, कानूनी मसले में फंसे थे तो अब निकल आयेगे,नेटवर्किंग बढ़ने से संबंधों का लाभ मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-79

मिथुन- इच्छित विवाह का योग बनेगा, प्रिंटिंग, कॉमर्स कोचिंग, ट्रेडिंग व्यवसाय अच्छा चलेगा, प्रेम भाव से कार्य साध लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

कर्क- परिवार, संतान को लेकर थोड़ा असुरक्षित रहेंगे, विज्ञान, इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग, ह्रदय रोग की सर्जरी का समय मिलेगा, सही विचार रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-72

सिंह-पत्नि के परिवार से कुछ असंतुष्ट रहेंगे, पत्थर, सीमेंट, टाइल्स, कार्य में अच्छा लाभ होगा, किसी विशेष सुख की प्राप्ति सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-71

कन्या- घर में व्यवसाय या पैसे रुपयों के उपर चर्चा होगी, धनी घर में रिश्ता पक्का हो सकता है, शब्दों को तोलकर बोले, अधिक रिस्क लेने से बचें।
भाग्य प्रतिशत-62

तुला- प्रेक्टिकल रवैय्या रहेगा, पैसों को सोचकर खर्च करेंगे, किराये, कमोडिटी आदि से धन मिलना शुरू होगा, परिवार के लोगों में एकजुटता रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-68

वृश्चिक-अपने कहे वचनों को निभाएंगे, सरकारी तंत्र, राजनीति से जुड़े है तो उन्नती करेंगे, किसी भी विवाद को सुलझाकर अपने पक्ष में कर लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-81

धनु-संतान को बाहर भेजने की योजना बनेगी, रात्रि में पति-पत्नि के किसी बात पर विवाद की स्तिथि आ सकती है, यात्रा भी कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-54

मकर-संबंधों को बनाने का प्रयास करेंगे, धर्म कार्य से उन्नति करेंगे, मन किसी गहन सोच में डूब सकता है, सर्दी-गर्मी हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-58

कुम्भ- टेंडर कार्य से व्यवसाय में उन्नति होगी, पत्नि की इच्छा पूरी करेंगे, कोई रुका या उधार दिया धन मिल सकता है, धन की कमी नहीं होगी।
भाग्य प्रतिशत-77

मीन- धन को जोड़ने में आसानी होगी, नौकरी में पद बढ़ने के साथ ट्रांसफर भी सम्भव है, रिसर्च क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे, ऊंचाई पर चढ़ने, अधिक वजन उठाने से बचे।
भाग्य प्रतिशत-53

# 55वीं जीएसटी काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दर में कटौती का टाला फैसला

नई दिल्ली । जीएसटी काउंसिल ने शनिवार को लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर दर में कटौती का फैसला टाल दिया है। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी कटौती उद्योगों की लंबे समय से पेंडिंग चल रही मांग है, क्योंकि इस कदम से बीमाकर्ताओं और पॉलिसीधारकों दोनों पर कर का बोझ कम होगा। जानकारों के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में अपनी 55वीं बैठक में जीएसटी काउंसिल ने इंश्योरेंस प्रीमियम के लिए संभावित कर परिवर्तनों पर फैसला टाल दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह (जीओएम) के अधिकांश पैनल सदस्यों ने हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम पर पूर्ण छूट की वकालत की थी, कुछ पैनल सदस्यों ने दर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव दिया। सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, कुछ सदस्यों ने कहा कि अधिक चर्चा की आवश्यकता है। जनवरी में जीओएम की फिर से बैठक होगी। जीओएम ने टर्म



लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का सुझाव दिया। हेल्थ इंश्योरेंस कवर के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का भी प्रस्ताव किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए, 5 लाख रुपये तक की पॉलिसी को कवर करने वाले हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर छूट की सिफारिश की गई। हालांकि, 5 लाख रुपये से अधिक कवरेज वाली पॉलिसियों पर मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी दर लागू रहेगी। जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में सिफारिशों पर आगे विचार-विमर्श करेगी, क्योंकि कुछ और तकनीकी पहलुओं को सुलझाया जाना है। इस बीच, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर जीओएम को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जून 2025 तक छह महीने का विस्तार मिलने की संभावना है। बैठक में एक अन्य प्रमुख एजेंडा यह तय करना है कि फूड डिलीवरी प्लेटफार्मों द्वारा डिलीवरी शुल्क पर 5 प्रतिशत जीएसटी 2022 से पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जाएगा या नहीं। वर्तमान में, फूड डिलीवरी कंपनियां डिलीवरी शुल्क पर जीएसटी का भुगतान नहीं करती हैं। इसके अलावा, जीएसटी काउंसिल द्वारा विमानन टरबाइन ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने के मुद्दे पर भी विचार किए जाने की संभावना है।

# अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने भारतीय बाजार में 1000 करोड़ रुपये की कमाई की




मुंबई । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने भारतीय बाजार में 1000 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा 2- द रूल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुयी थी।पुष्पा 2 द रूल घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ दुनियाभर में रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है। पुष्पा 2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है।फिल्म ने 16 दिनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये के क्लब में जगह बना ली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 द रूल ने भारत में 16 दिनों में हिंदी भाषा ने 632.6 करोड़, तेलुगु ने 297.8 करोड़, तमिल में 52.8 करोड़, कन्नड़ में 7.16 करोड़ और मलयालम में 13.99 करोड़ की कमाई की है।इस तरह यह फिल्म भारतीय बाजार में 1004.35 करोड़ की कमाई कर चुकी है। पुष्पा- द राइज के सीक्वल पुष्पा 2- द रूल का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

# 'वह अविश्वसनीय है'- हसी ने बुमराह के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक बनने की सराहना की

नई दिल्ली । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल हसी ने 2014 में मुंबई इंडियंस के साथ अपने संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान पहली बार युवा जसप्रीत बुमराह का सामना करने के अपने अनुभव को साझा किया और हसी ने खुलासा किया कि वह इस तेज गेंदबाज के इतने तेजी से उभरने की कल्पना नहीं कर सकते थे, लेकिन वह पूरी तरह से हैरान भी नहीं थे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने बुमराह के साथ अपने शुरुआती मुकाबले, उनकी अपरंपरागत गेंदबाजी शैली को लेकर संदेह और अपने करियर की शुरुआत में युवा तेज गेंदबाज को दी गई कड़ी सलाह पर विचार किया। हसी ने विलो टॉक से कहा, जब मैं मुंबई इंडियंस के साथ था, तब मैंने आईपीएल में उनके साथ एक साल खेला था।वह अभी-अभी उभरने वाला एक छोटा बच्चा था। मुझे याद है कि मैं नेट्स में उनका सामना कर रहा था और सचमुच गेंद पर बल्ला नहीं लगा पा रहा था। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं टूथपिक का इस्तेमाल कर रहा हूं। ऑस्ट्रेलियाई महान खिलाड़ी बुमराह के अनोखे एक्शन और तेज गति से अचंभित रह गए। मैं गेंद को देख भी नहीं पाया, उसके हाथ से निकलती गेंद को पहचानना तो दूर की बात है। उसका एक्शन इतना अलग, इतना भ्रामक है। मेरा पहला प्रभाव? मुझे ईमानदारी से नहीं लगा कि वह क्रीज तक भी पहुंच पाएगा। उसका रन-अप लड़खड़ाता हुआ और अजीब था। मुझे याद है कि मैं सोच रहा था, 'यह आदमी कौन है?' और फिर अचानक, वूफ- गेंद 145 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से मेरी भौंहों के पास से गुज़री! उस समय, बुमराह को टेस्ट क्रिकेट के लिए सीमित क्षमता वाले व्हाइट-बॉल विशेषज्ञ के रूप में देखा जाता था। हसी ने उस समय भारतीय क्रिकेट हलकों में घूम रही बातचीत को याद किया। हसी ने कहा, भारत में, बहुत संदेह था। लोगों ने कहा कि उसका एक्शन और रन-अप उसके शरीर के लिए बहुत कठिन होगा, कि वह टेस्ट क्रिकेट में टिक नहीं पाएगा। उन्हें लगा कि वह केवल व्हाइट-बॉल क्रिकेट के लिए बना है। लेकिन तब भी, मैं उसके कौशल और क्षमता को देख सकता था। मुझे पता था कि अगर उनमें टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा है, तो वे सफल हो सकते हैं। हसी खेल के सबसे लंबे प्रारूप में बुमराह की उपलब्धियों की प्रशंसा करते नहीं थकते। क्या वह इस समय बहुत अच्छा नहीं कर रहे हैं? यह देखना अद्भुत है कि वे कैसे आगे बढ़ रहे हैं। हसी ने बुमराह के आईपीएल करियर के शुरुआती दौर में एक खेल-बदलने वाले पल के बारे में भी बताया। यह 2014 में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच एक मैच था, जब बुमराह ने दिग्गज एबी डिविलियर्स को आउट किया था। हसी ने याद करते हुए कहा, वह आईपीएल में छा गए और शानदार गेंदबाजी की। मुझे एक गेम याद है, जिसमें उन्होंने एबी डिविलियर्स को आउट किया था। जाहिर है, एबी महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं और बुमराह ने उन्हें शानदार विदाई दी थी। एबी खुश नहीं थे। हसी को भी विदाई अच्छी नहीं लगी। गेम के बाद, अनुभवी खिलाड़ी ने युवा गेंदबाज को सलाह देने के लिए एक तरफ ले गए। मैंने उनसे कहा, 'दोस्त, आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। आपके पास बहुत कौशल और प्रतिभा है। सिर्फ़ विकेट लेना ही सबसे बड़ा बयान है जो आप दे सकते हैं। अगर आप खेल में और अपने साथियों से सम्मान चाहते हैं, तो आपको विदाई की ज़रूरत नहीं है। हसी ने माना कि यह बुमराह के लिए एक असामान्य क्षण था, जिन्हें उन्होंने अपने अब तक मिले सबसे विनम्र और ज़मीन से जुड़े क्रिकेटरों में से एक बताया। वह बहुत बढ़िया इंसान है। विदाई उसके स्वभाव से अलग थी। वह हमेशा मुस्कुराता रहता है, हमेशा शांत रहता है और अपने व्यवहार में निरंतरता रखता है। वह बहुत ज़्यादा भावुक नहीं होता। यही वजह है कि वह इतना शानदार गेंदबाज़ है और उसे खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है। पीछे मुड़कर देखें तो हसी इस बात पर हैरान हैं कि बुमराह उन शुरुआती दिनों से कितनी दूर आ गए हैं। वह अविश्वसनीय है। उसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ों में से एक बनते देखना अविश्वसनीय है। नेट्स में खेलने वाले एक बच्चे से लेकर दुनिया के सबसे सम्मानित क्रिकेटरों में से एक तक, यह देखना बहुत खुशी की बात है।

# सोनू सूद ने कोलकाता में बिखेरा जलवा



कोलकाता । बॉलीवुड के माचो हीरो सोनू सूद ने अपनी आने वाली फिल्म फतेह के प्रमोशन के दौरान कोलकाता में जलवा बिखेर दिया। सोनू सूद इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'फतेह' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी क्रम में सोनू सूद कोलकाता पहुंचे।यह कोई आम सेलिब्रिटी का दौरा नहीं था। यह एक तरह से घर वापसी थी, एक स्टार और एक ऐसे शहर के बीच के बंधन का जश्न जो उन्हें प्यार करता है। अपने अथक मानवीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय नायक की उपाधि पाने वाले सोनू सूद के सिटी ऑफ जॉय में आगमन ने गर्मजोशी और उत्साह की लहर पैदा कर दी।जिस क्षण सोनु सूद विमान से उतरे, माहौल में बिजली सी चमक उठी। एयरपोर्ट और होटल की लॉबी में प्रशंसकों ने गर्व से फतेह की टी-शर्ट पहन रखी थी। कोलकाता शहर, सोनू के दिल में एक ख़ास जगह रखता है, न सिर्फ़ अपने सदाबहार आकर्षण और जोशीले जोश के लिए, बल्कि निजी संबंधों के कारण भी। उनकी पत्नी ने इस शहर में कई साल बिताए, और ऐसी यादें बुनीं जो इस यात्रा को और भी सार्थक बनाती हैं। सोनू सूद प्रतिष्ठित हावड़ा ब्रिज पर, अपनी कार से बाहर निकले, और प्रशंसक अपने नायक की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। टैक्सी के ऊपर खड़े होकर, सोनू ने हाथ हिलाया, मुस्कुराया, और लोगों के साथ सेल्फी ली, इस तरह एक साधारण प्रचार के पल को साझा खुशी के उत्सव में बदल दिया।कोलकाता की सड़कों पर सोनू का ज़मीनी आकर्षण तब देखने को मिला जब वह हाथगाड़ी (हाथ से खींची जाने वाली रिक्शा) पर चढ़े। दिल को छू लेने वाले इस मोड़ में, उन्होंने रिक्शा चालक को अपनी सीट पर बैठने दिया और खुद रिक्शा की लगाम थाम ली, जिससे वहां मौजूद भीड़ ने तालियां बजाईं। कॉलेज स्ट्रीट पर स्थित प्रसिद्ध इंडियन कॉफी हाउस पर सोनू सूद गये।सोनू ने क्लासिक व्यंजनों का स्वाद चखा, शेफ के साथ पोज दिए और प्रशंसकों के साथ कॉफी पी। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियोज़ के उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित और अजय धामा द्वारा सह-निर्मित, फिल्म फ़तेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है।

# मां तेजी बच्चन की 17वीं पुण्यतिथि पर भावुक हुए अमिताभ, साझा की अनदेखी तस्वीर



मुंबई । अमिताभ बच्चन ने अपनी दिवंगत मां तेजी बच्चन को उनकी 17वीं पुण्यतिथि पर याद किया। शनिवार को बिग बी ने अपने ब्लॉग पर अपनी मां की एक अनदेखी तस्वीर साझा की। इस दौरान सदी के महानायक को भावुक होते देखा गया। उन्होंने मां की तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, आज 21 दिसंबर-याद में। मेरी आंखों के सामने, हर दिन का हर पल। अमिताभ बच्चन की मां और दिवंगत कवि हरिवंश राय बच्चन की पत्नी तेजी बच्चन का लंबी बीमारी के कारण 21 दिसंबर 2007 को निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थीं जब उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। 2017 में, अमिताभ ने अपनी मां के साथ अपने परिवार के अंतिम क्षणों के बारे में बात की। उन्होंने साझा किया, %जैसा कि वह हार्ट बीट मॉनिटर को हराने के लिए संघर्ष कर रही थीं, वापस से ठीक होने के प्रयास में। डॉक्टरों द्वारा साहसी प्रयास किए जा रहे थे। उनके कमजोर शरीर का दिल रुक-रुककर जवाब दे रहा था। उन्होंने अपने ब्लॉग में आगे लिखा, उनकी छाती पर भारी हाथों से जोर से की जाने वाली हैंड पंपिंग, मेरे लिए यह देखना दुखद था। मशीन ने हार मान ली थी। हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर खड़े रहे और उन्हें जाते हुए देखा। अमिताभ बच्चन अक्सर अपने ब्लॉग पर अपने दिल की बात लिखते रहते हैं। इससे पहले, बिग बी ने अभिषेक और ऐश्वर्या के निजी मामलों को लेकर चल रही अटकलों को भी संबोधित किया था, जब उन्होंने सभी से गोपनीयता का सम्मान करने का आग्रह किया था।

वहीं, बीते दिन वरिष्ठ अभिनेता अपने बेटे अभिषेक बच्चन और बहू के साथ अपनी पोती आराध्या के स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल हुए। बिग बी ने अपने ब्लॉग पर प्रदर्शन के बारे में लिखा। बच्चे...उनकी मासूमियत और माता-पिता की उपस्थिति में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की इच्छा। बहुत खुशी की बात है और जब वे हजारों लोगों के साथ आपके लिए प्रदर्शन करते हैं। यह सबसे उत्साहजनक अनुभव है। आज का दिन उनमें से एक था।

# अश्विन की पत्नी ने उनके संन्यास के बाद भावुक पोस्ट साझा की



चेन्नई । रविचंद्रन अश्विन की पत्नी पृथि नारायणन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के उनके फैसले के बाद भावुक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि आप अपने होने का बोझ उतारकर खेल से इतर जीवन को अपनायें। अश्विन ने ब्रिसबेन में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास का ऐलान करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया। इस अनुभवी आफ स्पिनर ने एडीलेड टेस्ट में एक विकेट लिया था जिसमें भारत को दस विकेट से पराजय झेलनी पड़ी। अपनी पोस्ट को 'एक प्रशंसक का प्रेमपत्र' करार देते हुए पृथि ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''प्रिय अश्विन, किट बैग को एक साथ रखना न जानने से लेकर दुनिया भर के स्टेडियमों में आपका अनुसरण करना, आपका उत्साहवर्धन करना, आपको देखना और आपसे सीखना, यह सब मेरे लिए एक परम आनंद रहा है। आपने मुझे जिस दुनिया से परिचित कराया, उसने मुझे एक ऐसे खेल को देखने और उसका आनंद लेने का सौभाग्य दिया, जिसे मैं करीब से प्यार करती हूं।''उन्होंने आगे लिखा ,''इसने मुझे यह भी दिखाया कि एक मुकाम तक पहुंचने के लिये कितना जुनून, कड़ी मेहनत और अनुशासन की आवश्यकता होती है। और कभी-कभी यह भी पर्याप्त नहीं होता है। मुझे याद है कि हम इस बारे में बात कर रहे थे कि आपको, आर अश्विन को, व्यवस्था में प्रासंगिक बने रहने के लिए यह सब और बहुत कुछ क्यों करना पड़ा।''वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन में हमेशा उत्कृष्टता हासिल करने की ललक रही है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 537 विकेट लिये। पृथि ने लिखा, ''पुरस्कार, बेहतरीन आंकड़े, प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार , सम्मान मायने नहीं रखता अगर आप लगातार अपने हुनर में निखार की कोशिश में नहीं लगे रहते और इतनी मेहनत नहीं करते। कई बार सब कुछ भी काफी नहीं होता।''उन्होंने लिखा, ''आप जब अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर से विदा ले रहे हैं तो मैं आपको इतना ही बताना चाहती हूं कि सब अच्छा है। आगे भी अच्छा ही होगा। अब आपको अपने होने का बोझ उतार देना होगा। अपने हिसाब से जिंदगी जियो, ज्यादा कैलोरी लेने की जगह बनाओ और परिवार के साथ समय बिताओ। दिन भर कुछ नहीं करो, मीम साझा करो, नयी गेंद तलाश करो, बच्चों के साथ समय बिताओ। यह सब करो।''पृथि ने कहा, ''जब मैने अश्विन की प्रेस कांफ्रेंस देखी तो मुझे छोटे बड़े सभी पल याद आ गए। पिछले 13.14 साल की यादें। बड़ी जीत, प्लेयर आफ द सीरिज पुरस्कार, करीबी मैच के बाद हमारे कमरे में सन्नाटा, मैच के बाद शाम को शावर चलने की आवाज सामान्य से अधिक समय तक सुनाई देना, अपने विचारों को पेंसिल से कागज पर लिखने के बाद पेंसिल की खरोंच, रणनीति बनाते समय लगातार वीडियो फुटेज देखना, हर मैच से पहले ध्यानपूर्ण श्वास की शांति , खाली वक्त में कुछ गीत बार बार सुनना ..।''उन्होंने लिखा, ''जब हम खुशी के मारे रोये ..चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद, एमसीजी पर जीत के बाद, सिडनी में ड्रॉ के बाद, गाबा पर जीत के बाद, टी20 में वापसी के बाद। जब हम चुपचाप साथ बैठे और वह समय जब हमारे दिल टूटे थे।''

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# प्रियंका गांधी से मिले युवा जिलाध्यक्ष



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर ।कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत ने मुलाकात कर ऐतिहासिक जीत की बधाई दी ।प्रियंका गांधी को युवा कांग्रेस की स्थिति से भी अवगत कराया। प्रियंका गांधी को बुके देकर अभिनंदन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत ने प्रियंका गांधी से मिलने के बाद कहा कि दीदी प्रियंका गांधी महिलाओं, युवाओं और किसानों, गरीबों की हमदर्द नेता है ।उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी जी का संसद पहुंचना भारत के नागरिकों की उम्मीदों को पंख देता है ।इसराइल ने कहा कि युवा कांग्रेस को नगर, ब्लॉक स्तर पर मजबूत करेंगे

# सिकंदराबाद का विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता लक्ष्मी राज सिंह



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज सिंह के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर में विशेष सड़क मरम्मत कार्य के अंतर्गत चार संपर्क मार्गों का स्वीकृत लो ले लो के कराया था जिस पर वर्तमान में कार्य चल रहे हैं जिसके लिए कुल 1 करोड़ 9 लाखरुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ का विशेष सड़क मरम्मत हेतु प्रस्ताव दिए थे जिनमें चार मार्गों के प्रस्ताव को स्वीकृत कर धनराशि जारी कर दी गई है इन मार्गों के निर्माण हेतु क्षेत्रवासी काफी समय से मांग कर रहे थे इन मार्गों के निर्माण होने से क्षेत्र वासियों को लाभ होगा विधायक ने कहा कि सिकंदराबाद विधानसभा का विकास मेरी प्राथमिकता है और मेरा प्रयासहै कि अधिक से अधिक विकास कार्य कराकर विधानसभा सिकंदराबाद को उत्तर प्रदेश में नंबर वन बनाया जाए

# मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान के साथ एक्सीडेंट की घटना का दोनों पक्षों के बीच कराया समझौता



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में सदस्य जिला पंचायत संदीप कुमार से सुंदर कश्यप के बीच आहार जहांगीराबाद मार्ग पर गांव सांखनी में हुए इत्तेफाक एक्सीडेंट को लेकर सामाजिक लोगों के साथ पंचायत कर खालोर स्टेडियम पर जहांगीराबाद ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख पति व चीनी मिल अनुपशहर के पूर्व अध्यक्ष मनोज प्रधान के साथ-साथ रविंद्र प्रधान अनिवास व सदस्य जिला पंचायत संदीप कुमार, चीनी मिल प्रतिनिधि रहे धर्मपाल सिंह आदि के साथ मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने दोनों लोगों की आपस में सामंजस्य बनाते हुए दोनों की गलतफहमी दूर कर तथा एक दूसरे की मदद करते हुए फैसला कराकर समाज में स्वच्छ संदेश देने का काम किया फैसले के बाद ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान ,ज्ञानेंद्र सिंह राघव रविंद्र प्रधान ने सभी से आपस में जाति धर्म पार्टी से ऊपर उठकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करने का आह्वान किया पंचायत में मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव, ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान ,रविंद्र प्रधान ,सदस्य जिला पंचायत संदीप कुमार, धर्मपाल सिंह, सुखपाल सिंह दीपू , सहित दर्जनों लोग सम्मिलित रहे

# प्रियंका गांधी जी से मिलकर संघर्ष करने का जज्बा दुगना हुआ- सैयद मुनीर अकबर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने की कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा जी से दिल्ली में स्थित 10 जनपथ पर मुलाक़ात की ।प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने बताया की प्रियंका गांधी जी से मुलाक़ात उत्साह वर्धक रही। इस अवसर पर प्रियंका गांधी जी ने सैयद मुनीर अकबर से कहा कि में तुम्हें जानती हूँ तुम काफ़ी संघर्षशील कार्यकर्ता हो तुम हर धरने प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हो आप जैसे कार्यकर्ता से पार्टी हर मोर्चे पर मजबूती से आम आदमी की आवाज को उठाने में सफल हो पाते है ।ऐसे ही पार्टी को मजबूत करने और आम आदमी की आवाज को उठाने का कार्य करते रहो।

# एम एम आर मॉल बुलंदशहर में विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ फन ट्रिप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। औरंगाबाद नेशन पब्लिक स्कूल के छोटे बच्चों के लिए एक दिवसीय शनिवार को एक फन ट्रिप आयोजित की गई यह यात्रा एक प्यारा अनुभव था द्य जिसने विद्यार्थियों को रोमांच की दुनिया में व्यस्त कर दिया द्य इस दिन ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन की दिनचर्या से अलग एक अनोखा अनुभव प्रदान किया द्य छात्रों ने इनडोर खेल क्षेत्र में खूब मस्ती कीद्य मिक्की माउस, स्लाइड, विशाल ट्रैम्पोलिन, रॉक वॉल क्लाइम्बिंग, प्ले जोन एरिया और ट्रेन की सवारी करी ।मनोरंजक गतिविधियों के अलावा कार्यक्रम स्थल पर रिफ्रेशमेंट कराया गया। अपने विचार व्यक्त करते हुए एनपीएस स्कूल, की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रिया अग्रवाल ने कहा, फील्ड ट्रिप व्यावहारिक अनुभव सीखने के अवसर प्रदान करते हैं, जहाँ छात्र कक्षा में जो सीख रहे हैं उसे वास्तविक दुनिया के संदर्भ से जोड़ सकते हैं। फील्ड ट्रिप एक शैक्षिक सैर है ,जो छात्रों को बाहरी दुनिया का पता लगाने और उसका अनुभव प्रदान करने में मदद करती है, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन की बहुमूल्य जानकारी मिलती है। यह एक ऐसी गतिविधि है ,जो बच्चों को कक्षा की चार दीवारों से बाहर आने और बाहरी दुनिया का अवलोकन करने में मदद करती है। भ्रमण ने बच्चों के बीच बंधन को मजबूत किया और सभी विद्यार्थियों के लिए हंसी और मीठे व्यवहार से भरा एक %अविस्मरणीय दिन% प्रदान किया। उत्साह और उमंग से भरे छात्र अपने माता-पिता के साथ साझा करने के लिए अद्भुत यादें लेकर हंसते हुए स्कूल वापस आ गए। इस ट्रिप को सफल बनाने में प्राइमरी विंग की कॉर्डिनेटर बबीता सिंह और सभी अध्यापिकाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रामानुजन जयंती के अवसर पर गणित प्रदर्शनी तथा रंगोली का कार्यक्रम किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में हजरतपुर स्थित, छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बुलंदशहर में आज रामानुजन जयंती के अवसर पर गणित प्रदर्शनी तथा रंगोली का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री शहजाद अली (अतिरिक्त जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), देवेंद्र शर्मा (महासचिव सिविल बार एसोसिएशन), संजय दीक्षित (पूर्व अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन) तथा एडवोकेट मनोज नारायण बेरी प्रबंधक छत्रपति शिवाजी विद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे की वंदना से किया गया इसके पश्चात विद्यालय के भैया बहनों ने विभिन्न गणितीय आकृतियों का संगीत के माध्यम से रंगमंचीय प्रदर्शन किया। साथ ही प्रत्येक कक्षा से भैया बहनों ने एक-एक गणित विषय पर आधारित रंगोली भी बनायी, इसके अतिरिक्त विद्यालय के 42 विद्यार्थियों ने गणित के प्रदर्शन व मॉडल की प्रदर्शनी लगाई।

मुख्य अतिथि द्वारा इन सभी भैया बहनों पुरस्कृत भी किया गया जिसमें गणित कविता में कक्षा 8 से ईशु , गणित भाषण में कक्षा 9 से हिमांशु, गणित प्रश्न मंच में भैया अंकुश कक्षा 11 से तथा रंगोली में बहन हिमांशी तथा वंशिका प्रथम आई। मुख्य अतिथि शहजाद अली जी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि इस पूरे ब्रह्मांड का निर्माण अगर देखा जाए तो गणित के रूप में ही हुआ है । गणित पढ़ने से व्यवस्थितता एवं मस्तिष्क का विकास सक्रियता के साथ होता है। विद्यालय के प्रबंधक मनोज बेरी ने बताया कि भैया बहनों के प्रदर्श तथा रंगोली के द्वारा गणित के साथ कला का जो समायोजन भैया बहनों ने किया वह सराहनीय है मैं सभी भैया बहनों को गणित दिवस पर हार्दिक बधाई देता हूं एवं रामानुजन जी के जीवन से सीखते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रेरित भैया बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का ससम्मान आभार व्यक्त किया। तथा पुन- विद्यालय में पधारने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की गणित विभाग की आचार्या शीतल गोयल के द्वारा किया गया इस अवसर पर गणित के सभी अध्यापक हिमांशु बंसल, अखिल कुमार, पंकज गोयल, कृष्ण कुमार, हेमंत अरोड़ा व शिव कुमार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# व्यापारियों ने रोडवेज परिवहन निगम की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में रोडवेज परिवहन निगम की यात्री बसें साठ मामन रोड एवं भूतेश्वर मंदिर की रोड से निरंतर निकलती रहती है क्योंकि यह अत्यंत व्यस्त एवं भीड़वाला इलाका है जहां पर निरंतर आम जनता छोटे-छोटे बच्चे घूमते रहते हैं जिनको इन गाड़ियों से हमेशा दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है और कई बार पूर्व में व्यापारियों के नुकसान होते रहे हैं इनका संचालन इस रूट से तत्काल रूप से बंद किया जाए जो की सरकार द्वारा प्रस्तावित भी नहीं है इस रूट पर रोडवेज बसों का संचालन बंद हो इस बाबत प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके सक्सेना के नेतृत्व में ज्ञापन ऋरूपरमानंद, को दिया गया, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम्रऋरूपरमानंद जी ने संगठन की बातें बड़े ध्यान से सुनी और तत्काल इस रोड पर रोडवेज की बसों के संचालन पर रोक लगने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया जिला अध्यक्ष नरेश गोयल, जिला महामंत्री अनुराग अग्रवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गोयल, नगर प्रभारी विजय गुप्ता, लाजपतपुरी अध्यक्ष दर्पण अरोड़ा, संरक्षक संदीप भूटानी ह्यड्डह्लद्धड्ड इकाई अध्यक्ष,अनिल ठाकुर ,धीरज शर्मा, हरिओम शर्मा अनु भटनागर राकेश ठाकुर आदि बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे

# लखावटी बुलंदशहर ( उ.प्र. ) में चार दिवसीय डेयरी उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। में भारत में डेयरी कौशल के लिए उत्कृष्टता केंद्र के अंतर्गत आनंदा ने अमर सिंह कॉलेज लखावटी बुलंदशहर (उ.प्र.) में चार दिवसीय डेयरी उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर डेरी स्किल्स इन इंडिया ने 16 से 20 दिसंबर 2024 तक अमर सिंह कॉलेज लखावटी बुलंदशहर में चार दिवसीय डेयरी उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

आनंदा का उद्देश्य छात्रों को डेयरी उद्योग से जुड़े व्यावसायिक कौशल में दक्ष बनाना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है । प्रशिक्षण के अंतिम दिन, सेकड़ो प्रतिभागियों को आनंदा के डेयरी फार्म और कैटल फीड प्लांट का दौरा कराया गया। इस एक्सपोज़र विज़िट के दौरान छात्रों ने डेयरी फार्म प्रबंधन, पशु आहार निर्माण और अन्य व्यावसायिक पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। आनंदा के विशेषज्ञों ने उन्हें फार्म संचालन की प्रक्रियाओं और तकनीकों पर व्यावहारिक सत्र के माध्यम से शिक्षित किया। छात्र ओर छात्राओ ने आनंदा की गोशाला का भ्रमण किया और गोपालन की जानकारी हासिल की । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों ने न केवल डेयरी प्रबंधन के विभिन्न आयामों को समझा, बल्कि डेयरी उद्यमिता को एक स्थायी व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित भी महसूस किया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अपने करियर निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर डेरी स्किल्स इन इंडिया के इस प्रयास ने छात्रों को न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है।

आनंदा चेयरमेन डा राधेश्याम दीक्षित का मुख्य उद्देश्य छात्रो को डेयरी फ़ार्म, पशुपालन , गो सेवा की ट्रेनिंग देना है जिससे छात्र व् छात्राएँ भविष्य में रोजगार पा सके । उक्त ट्रेनिंग आनंदा के अधिकारी द्वारा दी गई ।

# डिबाई भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विकास कार्यों पर की चर्चा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। रामघाट बुलंदशहर डिबाई भाजपा विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी ने अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ में कालिदास मार्ग आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर अपने क्षेत्र में विकास कार्य कराने की चर्चा कर प्रस्ताव दिए हैं। जिस प्रस्ताव में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हिंदू सम्राट स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह की स्मृति स्थल नरौरा का सौंदर्यीकरण विकास कार्य जल्द से जल्द कराने तथा बेलौन भवानी मंदिर के सौंदर्यीकरण तथा संस्कृत विद्यालय के प्रस्ताव दिए हैं मुख्यमंत्री ने पूर्ण विश्वास दिया है कि डिबाई क्षेत्र में संपूर्ण विकास कार्य कराए जाएंगे इस मौके पर साथ में भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मलखान सिंह लोधी अंकुर लोधी मंडल महामंत्री नरौरा पिंटू लोधी मंडल अध्यक्ष दानपुर राहुल लोधी डिबाई यश प्रताप सिंह बेलौन आदि उपस्थित रहे।

# अधिक ऋण देने के मामले में बैंक मैनेजर प्रितपाल सिंह सचिव अरविंद कुमार बनवारी लाल शर्मा सभापति बिजेंद्र सिंह दोषी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में जिला सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर एवं जिला सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहकारिता बुलंदशहर द्वारा दोषी शाखा प्रबंधक प्रितपाल एवं सचिव बनवारीलाल एव अरविंद कुमार एवं सभापति विजेंद्र सिंह अन्य कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्यवाही न करने की संलिप्ता बुलंदशहर जिला सहकारी बैंक एवं समिति चौढेरा छतारी क्षेत्र में संचालित शाखा एवं समिति चौढेरा में पिछले दिनों किसानों को कम जमीन पर नियम से अधिक ऋण देने के मामले में की गई जांच में बैंक मैनेजर एवं सचिव अरविंद कुमार सचिव बनवारी लाल शर्मा सभापति बिजेंद्र सिंह दोषी पाए गये एआर कोऑपरेटिव की ओर से दो सचिवों को चार सीट जारी कर दी गई है वहीं समिति के सभापति को धारा 38 का नोटिस जारी किया गया है अकाउंटेंट को पूर्व में निलंबित किया जा चुका है सहकारी बैंक की शाखा में पिछले दिनों क्षेत्र के करीब 71 ऐसे किसानों को ऋण वितरण किया गया था जिनके पास जमीन कम थी और उन्हें नियम से अधिक ज्यादा ऋण दिया वही यह भी आरोप लगाया गया था की कई किसान ऐसे हैं जिनके पास जमीन नहीं है और उन्हें भी ऋण दे दिया गया इस तरह से लगभग करीब 40 लाख से अधिक का ऋण वितरण किया गया था इस मामले की शिकायत डा0 श्यौदान सिंह संचालक बी पेक्स चौढेरा ने दिनांक 13/5/2024 में की जिसमें जिला सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर द्वारा जांच कमेटी गठित की गई जांच कमेटी द्वारा 28/5/ 2024 जांच आख्या के आधार पर शाखा प्रबंधक पीतपाल सिंह सचिव बनवारी लाल शर्मा सभापति बिजेंद्र सिंह आंकिक श्याम सुंदर शर्मा को दोषी ठहराया गया था लेकिन श्याम सुंदर शर्मा को पहले ही निलंबित कर दिया गया था दूसरी जांच कमेटी में अपर जिला सहकारी अधिकारी जालंधर प्रसाद एवं सर्वेश मिश्रा साहयक विकास अधिकारी सहकारिता एवं शाखा प्रबंधक द्वारा जांच आख्या दिनांक 21/9/24 को की गई तों शाखा प्रबंधक प्रीतपाल सिंह एवं सचिव बनवारी लाल शर्मा एवं सचिव अरविंद कुमार सभापति विजेंद्र सिंह अन्य बैंक कर्मचारी एवं समिति को दोषी ठहराया गया था संचालक सदस्य कहते हैं कि जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी को निलंबित किया जाता लेकिन विभाग द्वारा ऐसा कुछ नहीं हुआ है सहकारिता विभाग द्वारा इतनी जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है सूत्र बताते हैं कि दोषी सचिवों को फिर जिला सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर द्वारा अरविन्द सिंह और बनवारी लाल शर्मा को अतिरिक्त चार्ज देना सोच रहे हैं जबकि सचिव अरविंद कुमार बिपेक्स चौढेरा को पहले भी खाद गबन के मामले में निलंबित किया गया था लेकिन पता नहीं विभाग ऐसे सचिवों की दोबारा तैनात करने में लगा हुआ है संचालक सदस्य बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश है कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए जांच कमेटी के आधार पर निलंबित किया जाता लेकिन जिला सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता बुलंदशहर एवं जिला सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी बुलंदशहर सचिव बनवारी लाल शर्मा एवं अरविंद कुमार सभापति बिजेंद्र सिंह शाखा प्रबंधक दोषी कर्मचारी को बचाने में लगे पड़े हैं कुछ सूत्र बताते हैं कि कुछ नेताओं का दबाव है कि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो लेकिन जांच आख्यायो की धज्जियां उड़ाई जा रही है दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं अब देखने वाली बात यह है कि सहकारिता विभाग इनके खिलाफ कार्रवाई करता है या नहीं या लीपा पोती कर दी जाएगी

# एमएमआर मॉल बुलंदशहर में टोयोटा कंपनी द्वारा लॉन्च की गई टैसर गाड़ी का फीता काटकर किया शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। एमएमआर मॉल बुलंदशहर में टोयोटा कंपनी द्वारा लॉन्च की गई टैसर गाड़ी का नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर शोरूम के प्रबंधक श्री राहुल शर्मा जी, श्री अश्विनी कुमार जी, श्री सुमित मल्होत्रा जी, श्री मृदुल शर्मा जी एवं अन्य कर्मचारी बंधु उपस्थित रहे।

# स्टेट हाईवे के किनारे साइड लेन बनवाए जाने की मांग की गई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्याना में गढ़ बुलंदशहर स्टेट हाईवे के किनारे साइड लेन बनवाए जाने की मांग की गई है। स्टेट हाईवे के दोनों साइड पटरी काफी नीची है। जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। दुपहिया वाहन चालकों को साइड बचाने के लिए जगह नहीं मिलने से हादसों का सामना करना पड़ता है। आमजन की परेशानी को समाजसेवी ने हल कराने का बीड़ा उठाया है। समाजसेवी आशीष कुमार ने बताया कि साइड पटरी काफी नीची होने के चलते दुपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। हाईवे के दोनों तरफ साइड लेन बनाई जानी चाहिए। साइड पटरी का निर्माण होने के बाद जाम से भी मुक्ति मिलेगी व हो रहे सड़क हादसों पर भी अंकुश लगेगा। समाजसेवी आशीष कुमार ने अपनी मांगों को लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र सौंपा है। समाजसेवी ने बताया कि पत्र के माध्यम से पीडब्ल्यूडी विभाग से भी साइड पटरी बनवाए जाने की मांग की गई है।

# राष्ट्र चेतना मिशन की गौसेवा टीम ने अनूठी पहल कर असहाय गौवंशों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बैल्ट बांधने का अभियान शुरू किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर रात के अंधेरे और सर्दियों के कोहरे के दौरान पशुओं से टकराने पर होने वाले सड़क हादसों से बचाव के लिए राष्ट्र चेतना मिशन की गौसेवा टीम ने अनूठी पहल कर असहाय गौवंशों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बैल्ट बांधने का अभियान शुरू किया है। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने बताया कि रात्रि के अंधेरे तथा सर्दियों के दौरान होने वाले कोहरे में सड़कों पर बैठे या घूम रहे पशुओं से अचानक वाहन टकराने पर गंभीर हादसे हो जाते हैं, जिनके कारण वाहन चालक और पशु दोनों को ही भीषण हानि होती है। ऐसी आकस्मिक दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए राष्ट्र चेतना मिशन ने नया अभियान शुरू किया है। हेमन्त सिंह ने बताया कि संस्था की गौसेवा टीम द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंशों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बैल्ट बांधी जा रही हैं, जिससे कि वाहन की हैडलाइट पड़ने पर दूर से सड़क पर पशु नजर आ जाए और वाहन चालक सतर्क होकर से रास्तों से सुरक्षित गुजर सकें। जनहित में प्रारम्भ हुआ यह विशेष अभियान अब लगातार जारी रहेगा। शुक्रवार को भी देर रात्रि तक राष्ट्र चेतना मिशन के कार्यकर्ताओं ने रोडवेज बस स्टैंड, राधा नगर, साठा, लाल तालाब, ईदगाह रोड, अम्बर सिनेमा रोड आदि क्षेत्रों में कड़ी मशक्कत से दर्जनों आवारा पशुओं को काबू करके उनके गले में रेडियम रिफ्लेक्टर पहनाए। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, नगर गौसेवा प्रमुख अरुण राजपूत, निशांत जादौन, न्यू गुप्ता, गिरधर चौधरी, निशांत अग्रवाल, रवि कुमार, हेमन्त गुप्ता, लकी कुमार, जीतू गुप्ता, सोनू कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# पुलिस तथा बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। पहासू पुलिस तथा बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अवस्था मे पुलिस की देखरेख में जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बीती रात चेकिंग के दौरान पहासू के गांव खेड़ा से अलीगढ़ जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोका तो वह नगला खुशहाल गांव की ओर भागने लगा ।पुलिस द्वारा पीछा करने पर घिरा देख उसने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस द्वारा आत्म रक्षा में चलाए गोली पैर में लगने से बदमाश घायल हो गया। बदमाश की पहचान रूपेंद्र उर्फ पैना पुत्र मंगलसेन निवासी भूपनगर नई बस्ती पहासू के रूप में हुई। पुलिस की निगरानी में घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश के ऊपर बुलंदशहर, अलीगढ़ एटा जनपदों के विभिन्न थानों में 32 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं

## मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत बनायी गयी पाईप पेयजल योजनाओं का सत्यापन किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़। हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सिवाया एवं नारायणपुर बास्का में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत बनायी गयी पाईप पेयजल योजनाओं का सत्यापन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों में जल निगम द्वारा हर घर जल योजना के अन्तर्गत हर घर लगायी गयी टंकी में पानी पहुँचने के संबंध में ग्रामवासियों से जानकारी की गयी। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन सुबह एवं सायं पानी की आपूर्ति की जा रही है परन्तु कुछ घरों में पानी का प्रेशर कम है। मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि वह ऐसे घरों का चिन्हांकन कर लें तथा कम प्रेशर का कारण का पता कर प्रत्येक घर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराए। साथ ही ग्रामवासियों को एकत्र करते हुए प्रेरित किया गया कि वह पानी को अनावश्यक रूप से न बहाए यदि किसी के घर पानी अनावश्यक रूप से बहता हुआ दिखे तो उन्हें समझाए और पानी अमलोल है, इससे उनको अवगत कराए। ग्राम में भ्रमण के समय ग्राम नरायणपुर बास्का में मैन रोड़ पर पाईप लाईन बिछाने के उपरान्त टाइल्स ठीक प्रकार नहीं लगाई गयी है। निर्देश दिये गये कि वह ठेकेदार से टाईल्स को ठीक लगवाये जिससे जनमानस को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत में ग्राम वासियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की दी जा रही है जानकारी- मुख्य विकास अधिकारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सुल्तानपुर मंशुरपुर व अब्दुल्लापुर मौडी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानपुर मंशुरपुर में 42 ग्रामवासी उपस्थित रहे उपस्थित ग्रामवासियों को शासन द्वारा चल रही योजनाओं के बारे जानकारी दी गई उपस्थित ग्राम पंचायतों में 02 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत वर्ष 2023-24 में 22 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया । वर्तमान में सभी शौचालयो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्रथम किस्त का भुगतान भी किया जा चुका है, जियो टैग भी हो चुका एवं 14 लाभार्थियों की द्वित्तीय किस्त भी प्राप्त कराई जा चुकी है। मात्र 08 लाभार्थियों की द्वित्तीय किस्त जिला स्तर से डाली जानी बाकी है। ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर मौडी की जन चौपाल बैठक में 35 ग्रामवासी उपस्थित रहे तथा उक्त ग्राम में भी 02 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर निस्तारण करा दिया गया। ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर मौडी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत डब्लू0एस0पी0 निर्माण कार्य कराया गया है, स्कूल के पास तालाब खुदाई कार्य, पंचायत घर निर्माण, फिल्टर चैम्बर निर्माण कार्य, सोख पिट निर्माण कार्य, लीच निर्माण कार्य उक्त दोनो ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त कराया जा रहा है।

## जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। शासनादेश के क्रम में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस मनाया गया। जिसमें सदर तहसील में 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें कुल 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं लोनी तहसील में 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें कुल 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके साथ मोदीनगर तहसील में 95 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें कुल 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 178 शिकायतें प्राप्त हुई और 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया, इसके साथ ही विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे) के अवसर पर ध्यान भी लगाया गया।
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष में %%सुशासन सप्ताह%% के अवसर पर श्री पुनीत यादव अपर सचिव भारत सरकार द्वारा तहसील दिवस में आई शिकायतों और आवेदनों की जांच की गयी। माननीय महोदय को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी महोदय सहित अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। श्री पुनीत यादव महोदय ने कहा कि हमें अपने कार्य को कुछ इस प्रकार से करना चाहिए कि लोगों को उससे प्रेरणा मिले और वह कार्य सम्मानीय हो, इसके लिए जरूरी है कि हम अपने स्तर पर आई शिकायतों और आवेदनों की जीरो पेंडेंसी रखे। हमें अपने कर्त्तव्यों के प्रति निष्ठा व ईमानदारी तो होनी ही चाहिए साथ ही जनहित की भावना को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। जिससे कि हम जन सामान्य को अपने स्तर पर कुछ लाभ दिला सके, जिसके हकदार हैं। हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए उसका फीडबैक भी लिया जाएं। जिससे यह पता चल सके कि आपके निस्तारण से उक्त शिकायतकर्ता सन्तुष्ट है। इस कार्यक्रम के उपरान्त अपर सचिव महोदय द्वारा कन्नौज गांव का निरीक्षण करने हेतु प्रस्थान किया गया। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सभी अधिकारीगण अपने स्तर पर आई शिकायतों एवं आवेदनों के निस्तारण के लिए अपनी ड्यूटी में से विशेष समय निकालें। जिससे कि कोई भी प्रकरण लम्बित ना रहे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, डीसीपी सिटी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी डॉ.अखिलेश मोहन, एसडीएम सदर श्री अरूण दीक्षित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद के जिलाधिकारी आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह, आईएएस अभिनव गोपाल को सम्मानित किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नई दिल्ली। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहर, जहां भी पानी की कमी होती है उससे सबसे अधिक महिलाएं ही प्रभावित होती हैं। ऐसे में जल संरक्षण जरूरी है। खेत का पानी खेत में होना चाहिए और जहां पानी पहुंच रहा है वहां रोजगार, परिवार समृद हो रहे हैं खुशियां बढ़ रही हैं। यह विचार केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने कही। वह राजधानी के न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित 5वें जल प्रहरी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ने काफी हद तक पानी की समस्या को सुलझाया है। जल जीवन मिशन से पानी घ घर पहुंचा है और जल संचय , जन भागीदारी मुहिम का असर दिख रहा है। लोग जल संरक्षित करने को लेकर जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग खराब खाने व पानी से बीमार होते थे, लेकिन अब ऐसे मामलों में कमी दिखाई देती है। सम्मान समारोह में जल संरक्षण के लिए देशभर से 37 जल संरक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें जल संरक्षण, प्रबंधन की दिशा में किए गए कार्यों के मद्देनजर इस वर्ष उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य रहा। इस वर्ष जल संचय, जन भागीदारी की परिकल्पना पर आधारित परियोजनाओं को जूरी द्वारा चयन में प्राथमिकता दी गई है। वहीं, संसदीय जल संसाधन मामलों के सदस्य सांसद बालयोगी उमेशनाथ ने कहा कि कुआं, तालाब व नदियों को बचाने की जरूरत है। कई नदियां व कुएं लुप्त हो गए हैं।
जो पौधे पानी को फिल्टर करते थे, वह अब गायव हो गए हैं। इनका संरक्षण करना महत्वपूर्ण है। इसी तरह वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील देवधर ने कहा कि देश की ऊर्जा को बचाना चाहिए। यह सबका दात्यिव है। कार्यक्रम के संयोजक अनिल सिंह व सरकारी टेल के सीईओ अमेया साठे ने सभी जल प्रहरियों का स्वागत किया व आभार जताया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने प्रदर्शनी का आयोजन किया जबकि बिग एफएम ने जल प्रहरियों के कार्यों पर विशेष चर्चा की। आयकर आयुक्त एवम जल प्रहरी नितिन बघमोड़े ने चर्चा के दौरान जल प्रहरियों की मुश्किलों पर प्रकाश डाला व जल प्रहरियों ने अधिकारियों से जल प्रबंधन, संवर्धन कार्यो में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में दर्जन से ज़्यादा जिलाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वह जल संरक्षण, प्रबंधन कार्यो के प्रति समर्पित भाव से सहयोग जारी रखेंगे। इन लोगों को किया गया सम्मानित कार्यक्रम में नीति आयोग, नेशनल वाटर मिशन (जल शक्ति मंत्रालय) एडिशनल सेक्रेटरी अर्चना वर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल थे। इस वर्ष जल प्रहरी सम्मान के लिए गठित जूरी की अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल भी मौजूद रहीं। दिल्ली से जल प्रहरी के लिए एमिटी स्कूल पुष्प विहार को सम्मानित किया गया। साथ ही, उत्तर प्रदेश से भदोही जनपद के जिलाधिकारी आईएएस गौरंग राठी, गाजियाबाद के जिलाधिकारी आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह, आईएएस अभिनव गोपाल को सम्मानित किया। साथ ही, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी आईएएस मनीष वर्मा, नीला जहां फाउंडेशन के अध्यक्ष नंद किशोर वर्मा, बांदा जनपद के मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, सेफ ट्रस्ट नोएडा के संस्थापक विक्रांत तोंगड़, हरियाणा से तरुण भारत संघ मेवात, सर्वकल्याण मंच के नवीन कौशिक के सामाजिक कार्यकर्ता राहुल सिसौदिया व केरल से महात्मा गांधी नरेगा राज्य मिशन मिशन निदेशक आईएएस निजामुद्दीन. ए. बहुजन हितकारी शिक्षा प्रसार समिति निवाड़ी के कार्यक्रम समन्वयक अजय नामदेव और नमामि गोदा फाउंडेशन के सचिव अभिनेता चिन्मय उदगीरकर सहित असम के कई जल दूतों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लेह से आये जल प्रहरी स्टेनज़ीन चोस्फेल आकर्षक बने रहे। तजाकिस्तान के राजदूत लुकमान बोबोक्लोंन जोदा ने भी जल प्रहरियों को समान दिया।

# हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ

### जनपद की तीनो तहसीलो में प्राप्त हुई 71 शिकायतें, 09 का मौके पर कराया गया निस्तारण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़। हापुड़ जनपद की तीनों तहसीलों हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को होने वाले तहसील दिवस जिलाधिकारी महोदया श्रीमती प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। हापुड़ तहसील में जिलाधिकारी महोदया श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई और 05 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में भूमि से संबंधित शिकायतों को लेकर उप जिलाधिकारी हापुड़ को टीम गठित कर मौके पर जांच कराकर समस्या का निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि पर कब्जे को लेकर जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है उसमें संबंधित लेखपाल एवं तहसीलदार स्वयं मौके पर जाकर समस्या की जांच करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी हापुड़, तहसीलदार हापुड़ तथा अन्य जनपदीय अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
इसके साथ ही गढ़ तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया।
वहीं धौलाना तहसील में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए तहसील दिवस में 19 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया।


# जिला जज द्वारा किया गया जिला कारागार डासना का निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह, प्रेरणा शर्मा, जिलाधिकारी, हापुड़ श्री कुवंर ज्ञानन्जय सिंह, पुलिस अधीक्षक, हापुड़ , डा0 ब्रह्मपाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़,श्री सुनील त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़ द्वारा संयुक्त रुप से त्रिमासिक जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री सीताराम शर्मा जेल अधीक्षक, जिला कारागार डासना गाजियाबाद, डिप्टी जेलर शिवानी यादव एवं अन्य उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश, हापुड़ श्री मलखान सिंह द्वारा माननीय उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के क्रम में जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक एवं पुरुष बैरक का निरीक्षण किया गया एवं जेल में पाक शाला, बाशरुम, प्रशिक्षण केन्द्र व लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया।
जेल अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि इच्छुक बंदियों को कम्प्यूटर आदि की क्लास दी जाती है। निरीक्षण के दौरान श्री मलखान सिंह जिला जज हापुड़ द्वारा देखा गया कि जेल में निरुद्ध ऐसे बंदी जो आर्थिक रुप से कमजोर है और पैरवी करने हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता की जरुरत तो नहीं है। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था उचित पायी गयी। पाकशाला का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों से खान-पान के संबंध में पूंछे जाने पर बन्दियों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया।

# जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद हापुड़ के प्रत्येक ग्राम पंचायतो में बनाया जा रहा है सुशासन सप्ताह- श्री हिमांशु गौतम






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त जनपदों में दिनांक 19-24 दिसम्बर, 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर के आयोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद हापुड़ के विकास खण्ड सिम्भावली में लोक शिकायतों के निराकरण हेतु पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत श्यामपुर जटट तथा ग्राम दत्तियाना मे जन चौपाल का आयोजन किया गया।
जिसमे ग्राम दत्तियाना में पेन्शन सम्बन्धी समस्या का निस्तारण किया गया तथा स्व0 वीर सिंह पुत्र श्री केवल राम के नाम से मृत्यु प्रमाण बनाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ, जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। माह दिसम्बर, 2024 में आई0जी0आर0एस पोर्टल पर 42 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनका मौके पर जाकर भौतिक एवं स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया गया है। विकास खण्ड सिम्भावली मे ऑनलाईन सर्विस जैसे- फैमिली आई0डी0 के कुल 1290 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें सत्यापन उपरान्त 1252 बना दिया गया है तथा ग्राम पंचायतों मे पंचायत सहायक तथा ग्राम सचिव द्वारा बनाने का कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड के प्रत्येक गाँव में जीरो पावर्टी का कार्य चल रहा है जिसमे पंचायत सहायक, बी0सी0 सखी तथा समूह सखी द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य किया जा रहा है, इसमें वर्तमान में 109 इम्यूनेटरों द्वारा कार्य किया जा रहा है। सफलता की कहानी:- विकास खण्ड में 09 ग्राम पंचायतों में निपुणशाला का निर्माण कराया गया है। ग्राम बक्सर जूनियर स्कूल मे आधार शिला का निर्माण कराया गया है। विकास खण्ड के 20 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाये गये है।
इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग सुशासन सप्ताह बनाया गया, जिसमें भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलिज सिखेड़ा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत टीम द्वारा कैम्प आयोजित कर सभी बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आंखो की जांच कर चिकित्सा अधीक्षक सिखेड़ा एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलिज सिखेड़ा द्वारा 51 बच्चों को नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया।

## लेखपाल संघ के द्वारा बरेली में लेखपाल की हत्या होने के संबंध में ज्ञापन दिया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील में लेखपाल संघ के कार्यकर्ताओं ने बरेली में कार्यरत लेखपाल मनीष कश्यप के गायब होने की सूचना के 18 दिन बाद लेखपाल का (सिर कंकाल) बरामद कर हत्या के रूप में घटना का खुलासा करने के के बाद घटना के सम्बन्ध में आक्रोशित लेखपालों ने जनपद बुलंदशहर की शिकारपुर तहसील में उपजिलाधिकारी दीपक कुमार पाल को ज्ञापन देते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष सचिन गर्ग ने बताया कि खुलासा भले ही हत्या के रूप में किया गया हो लेकिन पुलिस फिरोती के लिए हत्या की घटना बता रही है। जबकि फिरोती के लिए कोई डिमांड किसी भी रूप में मृतक लेखपाल के परिजनों को अभी तक नहीं बताई गई है। पुलिस एवं प्रशासन की संवेदनहीनता हिनाहयामी व लेखपालों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। जैसे कोई भी भूमि विवाद की जांच हो, पैमाइश हो कब्जा हटवाना हो अधिकारियों द्वारा लेखपालों को ही क्षेत्र में भेज दिया जाता है। लेखपाल के ऊपर अधिकांश अधिकारी केवल व्हाट्सएप ऐप पर निर्देश देने/फॉरवर्ड करने तक सीमित रहते हैं। अकेले लेखपाल ही क्षेत्र में जनता भू माफिया से दुश्मनी तक ले लेते हैं। उधर राजस्व विभाग के कार्यों के साथ अन्य विभागों से संबंधित कार्यों में लेखपालों को ही लगाया जाता है। एसडीएम दीपक कुमार पाल ने बताया कि लेखपाल संघ के द्वारा बरेली में लेखपाल की हत्या होने के संबंध में शनिवार को ज्ञापन दिया गया है ज्ञापन प्राप्त करते हुए उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जा रहा है। तहसील अध्यक्ष हरीश कुमार ने बताया है कि क्षेत्र में नापतौल करते समय लेखपालों की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाए लेखपालों के साथ आए दिन बढ़ती जा रही है घटनाएं सरकार को इस मुद्दे पर सख्त कदम उठाने चाहिए। इस मौके पर लेखपाल ईश्वर चंद जयप्रकाश सिंह अकलीम खान खगेश कुमार अनिल कुमार राहुल शर्मा अभिषेक शर्मा अनूप शर्मा मुकेश शर्मा नीरज कुमार जयकिशन सिंह नरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## ठंड को देखते हुए एसडीएम गजेंद्र सिंह ने रेन बसेरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्याना कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए एसडीएम गजेंद्र सिंह ने रेन बसेरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका व नगर पंचायत को 11 सेक्टरों में बांट दिया गया है। ठंड से लोगों को बचाने के लिए रेन बसेरों की व्यवस्था की गई है। गर्म कपड़ों के साथ हीटर की व्यवस्था भी की गई है। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत व नगरपालिकाओं में टीमें काम कर रही है। जिसकी मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। कोई भी व्यक्ति कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे ना सो उसको लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। समय-समय पर रेन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया जा रहा है ।साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि विकलांगों के लिए नगर पालिका परिषद स्याना द्वारा अलग रेन बसेरे की व्यवस्था की गई है।

## परिजनों ने थाने पर शव रखकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर अहमदगढ़ कस्बा में शुक्रवार को नीरज पुत्र मुकेश कुमार हाल निवासी अहमदगढ़ पानी की टंकी से नीचे गिरने से मौत का होना बताया जा रहा था लेकिन शनिवार को घटना में नया मोड़ आया नीरज के पिता ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज पुत्र मुकेश कुमार पूर्व प्रधान गांव बाद जो की अहमदगढ़ में काफी दिनों से पहासू रोड पर रह रहे हैं। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने आपसी विवाद को लेकर उसके पुत्र को आएदिन प्रताड़ित कर गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे जहां पर शुक्रवार को सूचना मिली कि मेरे पुत्र की हत्या कर अहमदगढ़ कस्बा की पानी की टंकी परिसर में नीरज का शव पड़ा है। परिजन आनन फानन में नीरज को शिकारपुर सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से गांव में हड़कंप मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था लेकिन शनिवार को परिजनों का फूटा गुस्सा और परिजनों ने अहमदगढ़ थाने पर शव रख कर घेराव करते हुए नारेबाजी की उसके बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर चार लोगों के साथ साथ दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भी नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। उधर शिकारपुर सीओ शिव ठाकुर का कहना है कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में दीपक पुत्र धर्मपाल विशाल चौधरी पुत्र अमरपाल सिंह लोकेश भारद्वाज पुत्र मुनेश अमरपाल सिंह सहित दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है।

## लूट और हत्या में दोषी चार साल बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली । अशोक विहार पुलिस ने लूट और हत्या में दोषी ठहराए गए फर्लो जंपर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शख्स की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई है। विजय चार साल से फरार था। डीसीपी अभिषेक धनिया ने बताया कि विजय ने अशोक विहार इलाके में वर्ष 2010 में लूटपाट के दौरान हत्या की थी। इस मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए सजा भी सुनाई थी। वर्ष 2020 में फर्लो पर तीन माह के लिए वह बाहर आया, लेकिन वापस जेल नहीं लौटा था। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । शिकारपुर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की एसडीएम ने फरियाद सुनकर किया समाधान एसडीएम ने कहा है कि समय रहते हुए शिकायतों का समय से निस्तारण करें सभी अधिकारी अन्यथा शिकायत मिलने पर करूंगा सख्त कार्रवाई। एसडीएम ने बताया है कि समाधान दिवस में आज 14 शिकायत मिली है जिसमें से 2 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया है। शेष सभी शिकायतों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सौप कर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के एसडीएम ने कसे पेच एसडीएम बोले समस्या का समाधान समय से करें। इस मौके पर नायब तहसीलदार ,सीओ शिकारपुर शिव ठाकुर, सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट गेट पर किया धरना प्रदर्शन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय से धरना प्रदर्शन के लिए जिला अध्यक्ष मतलूब अली के नेत्त्व में नेताओं के कार्यकर्ताओं जिला अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और सक्षम अधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम से एक सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाअध्यक्ष मतलूब अली ने कहां की केंद्र सरकार के गृहमंत्री हिटलर शाही पर तुले हैं संविधान के रचयिता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी जैसे सम्मानित व्यक्तित्व को देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में आप शब्द कहना अमित शाह की गंदी सोच को दर्शाता है उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के अपमान से संविधान को मानने वाले देश के करोड़ों लोगों को धक्का लगा है उन्होंने कहा कि अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और अमित शाह को अभिलंब देश के गृहमंत्री पद से बर्खास्त कर देना चाहिए धरने में पूर्व विधायक मुकेश पंडित हाजी अख्तर हिमायत अली बंसी पहाड़िया होशियार सिंह अमरपाल सिंह वर्षा सिंह प्रधान मुकेश यादव प्रेमवीर यादव नीरज यादव परविंदर यादव टैलेंट उस्मानी विनीत राणा महेंद्र भाटी ठाकुर नटवर सिंह राजकुमार टीटू रशीद गाजी रामकिशोर लोधी लोकेंद्र सिंधु शैंकी वाल्मीकि मनीष वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

## रेप मामले में लापरवाही करने वाला एसएचओ सस्पेंड

नोएडा । नोएडा का एक थाना प्रभारी सस्पेंड हो गया है। युवती के साथ रेप के मामले में लापरवाही बरतने पर साइबर क्राइम थाना प्रभारी को सस्पेंड किया गया। वहीं, युवती की तहरीर पर सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी रवि ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। नोएडा सेक्टर-80 में स्थित एक कंपनी में युवती काम करती है। युवती का आरोप है कि रवि ठाकुर ने एक माह पहले उसे अपने साथ चलने के लिए कहा। मना करने पर उसने कनपटी पर तमंचा सटा दिया। इसके बाद रवि युवती को सोरखा स्थित एक घर पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने इसका वीडियो भी बनाया। पीड़िता ने जब मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवती केस दर्ज कराने के लिए साइबर क्राइम थाने पहुंची। थाना प्रभारी ने इस मामले में नहीं ही कोई कार्रवाई की और ना ही सेक्टर-113 थाने में इसकी सूचना दी। उच्च पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद सही से एक्शन नहीं लेने पर साइबर थाना प्रभारी विजय गौतम को सस्पेंड कर दिया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली पुलिस के नए जवानों को बंधक संकट से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में बंधक संकट जैसी किसी स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस को एनएसजी या स्वाट कमांडो के आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा क्योंकि शहर की पुलिस ने अपने नए भर्ती किए गए कर्मियों को एक विशेष कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है।'अर्बन इंटरवेंशन' कार्यक्रम के अंतर्गत 25 पुलिसकर्मियों के पहले बैच को मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) ने दो सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जहां उन्होंने बंधक संकट जैसी स्थिति से निपटने का तरीका सीखा। पुलिस ने आने वाले दिनों में 300 कमांडो को प्रशिक्षित करने तथा बाद में और अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण और एसपीयूडब्ल्यूएसी) छाया शर्मा ने कहा, ''नए भर्ती किए गए कमांडो के प्रत्येक बैच को हम झड़ौदा कलां में एक महीने का प्रशिक्षण देते हैं और राजस्थान के अलवर के अभनपुर में तीन महीने का उन्नत कमांडो प्रशिक्षण दिया जाता है, जहां वे गोली चलाने का अभ्यास करते हैं। इस बार हमने उन्हें 'अर्बन इंटरवेंशन' की तकनीक का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है।''शर्मा ने कहा, '''अर्बन इंटरवेंशन' बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम एक महानगर में हैं। यदि हमें शहरी परिदृश्य में हस्तक्षेप की आवश्यकता है तो क्या हमारा बल इसके लिए तैयार है? इसके लिए हमने एनएसजी की मदद ली और यह बहुत उपयोगी रहा।''कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले 25 कांस्टेबलों में शामिल सिपाही आशीष मलिक ने कहा, ''हमें 2023 में दिल्ली पुलिस में शामिल किया गया था। तीन महीने का उन्नत कमांडो कोर्स पूरा करने के बाद (जो सभी के लिए अनिवार्य है) हमें ?'अर्बन इंटरवेंशन' नामक दो सप्ताह का 'कैप्सूल कोर्स' प्रशिक्षण भी मिला।''उन्होंने कहा, ''किसी भी आपातकालीन स्थिति के दौरान हम सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले होते हैं, बाहरी बल बाद में पहुंचते हैं। हमें बाहरी बलों के आने तक स्थिति को संभालने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।''

# 'आप' के पूर्व विधायक सुखबीर सिंह दलाल ने थामा भाजपा का दामन




नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले आम आदमी पार्टी (आप) को एक बड़ा झटका लगा है। आप के पूर्व विधायक सुखबीर सिंह दलाल ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत पार्टी के कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में सुखबीर सिंह दलाल भाजपा में शामिल हुए। दलाल के भाजपा में शामिल होने से माना जा रहा है कि पार्टी को स्थानीय स्तर पर और मजबूती मिलेगी। भाजपा में शामिल होने के बाद सुखबीर सिंह ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों से प्रभावित हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति और विकास कर रहा है। बता दें कि सुखबीर सिंह दलाल दिल्ली के मुंडका सीट से विधायक रह चुके हैं। 2015 में वह आम आदमी पार्टी से विधायक बने थे। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जसबीर कराला को उम्मीदवार बनाया है। सियासी गलियारों में खबर है कि भाजपा मुंडका से सुखबीर दलाल को टिकट देकर मैदान में उतार सकती है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, दुष्यंत गौतम और अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा का दामन थामा था। कैलाश गहलोत ने भाजपा की सदस्यता लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा था कि आम आदमी पार्टी छोड़ना मेरे लिए आसान कदम नहीं था। अन्ना आंदोलन से मैं पार्टी से जुड़ा था। लगातार दिल्लीवासियों के लिए काम किया। हर कोई सोच रहा है कि मैंने किसी दबाव में यह निर्णय लिया। मैंने आज तक किसी के दबाव में कोई काम नहीं किया। 2015 से राजनीतिक जीवन से पार्टी में रहकर कोई भी काम दबाव में नहीं किया।

# मजदूरों को आर्थिक सहायता नहीं दे रही दिल्ली सरकार - विजेंद्र गुप्ता



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर भवन निर्माण मजदूरों को आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करवा रही है। कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर ग्रेप-4 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए लाखों श्रमिकों को तुरंत आर्थिक मदद के रूप में प्रत्येक पात्र श्रमिक को आठ हजार रुपये देने का आदेश दिल्ली सरकार को दिया था। लेकिन दिल्ली सरकार के असंवेदनशील रवैये के कारण लाखों मजदूरों के बच्चों को अन्न का निवाला तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण के मद्देनजर एक बार फिर से ग्रेप-4 का दूसरा चरण लागू हो गया है और निर्माण गतिविधियों पर रोक के कारण दिल्ली के 20 लाख मजदूर फिर से बेरोजगार हो गए हैं। उनके परिवारों पर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने खुद पिछले दिनों %दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड% में पंजीकृत 90,759 श्रमिकों को 8000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने का वादा किया था, लेकिन किसी भी मजदूर को 8 हजार रुपये नहीं मिले हैं। गुप्ता ने हैरानी जताई कि सरकार इतनी असंवेदनशील कैसे हो सकती है। ये मजदूर अगर इतने ही पढ़े लिखे होते और अपने बैंक खातों को आधार से लिंक करना जानते तो वो मजदूरी नहीं कर रहे होते। सरकार को इनके प्रति उदारवादी नीति अपनाते हुए इन्हें आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए और आगे के लिए अपना खाता आधार से लिंक करने के लिए उन्हें सलाह दी जानी चाहिए। गुप्ता ने मांग की है कि इन सभी 11 लाख श्रमिकों को भी तुरंत आर्थिक सहायता देकर उनके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू करवाई जानी चाहिए। गुप्ता ने कहा कि 90,759 रजिस्टर्ड श्रमिकों के साथ-साथ उन श्रमिकों को भी आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए, जिन्होंने जानकारी के अभाव में इस बोर्ड के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है या फिर अपना बैंक खाता अपने आधार के साथ नहीं जुड़वाया है। विजेंद्र गुप्ता ने हैरानी जताई कि अपने को गरीबों और वंचितों का मसीहा कहने वाली आम आदमी पार्टी चुनाव के वक्त तो इन्हें अपना वोट बैंक मानकर इनके कल्याण के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर देती है लेकिन सत्ता में आने के बाद उनकी तरफ मुड़कर भी नहीं देखती है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी लाखों श्रमिक महीनों तक बेरोजगार रहे थे लेकिन दिल्ली सरकार ने केवल दो बार ही उन्हें वित्तीय मदद उपलब्ध करवाई जो कि उनके लिए बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं थी। सरकार का यह रवैया उनकी %मजदूर विरोधी% मानसिकता को उजागर करता है। गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर दिल्ली के 20 लाख श्रमिकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की थी। इसके बावजूद सरकार ने अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की और एक भी श्रमिक को आठ हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करवाई है।

# नोएडा के डीएलएफ मॉल में मिनी स्टोर से कर्मचारी ने की लाखों की चोरी, सीसीटीवी के जरिये पकड़ा गया

नोएडा । उत्तर प्रदेश के नोएडा के डीएलएफ मॉल के अंदर एक कर्मचारी मिनी स्टोर से तीन लाख रुपये से ज्यादा की नकदी चुराकर फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने डीएलएफ मॉल के अन्दर स्थित मिनी स्टोर से 3,53,740 रुपये की नकदी चोरी करने वाले कर्मचारी को चोरी की पूरी रकम के साथ गिरफ्तार किया है। वह कई महीने से मिनी स्टोर में काम कर रहा था। उसने पूरी योजना बनाकर चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया है कि 20 दिसंबर को थाना सेक्टर-20 पर पीड़ित की तरफ से अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने घटना का 24 घंटे के अंदर ही खुलासा करते हुए सीसीटीवी फुटेज में सामने आए आरोपी अनीष को गिरफ्तार कर लिया। वह उसी मिनी स्टोर का कर्मचारी है। पुलिस ने बताया कि अनीष (19) जिला इटावा का रहने वाला है। उसने स्टोर में नकदी के आदान-प्रदान को देखकर चोरी करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक, उसने धीरे-धीरे कर तीन लाख रुपये से ज्यादा की रकम चोरी कर ली। उसके बाद जब हिसाब-किताब हुआ तो पैसे कम पाए गए।

# दलित समाज के बच्चे 'डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप' से दुनिया की किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ सकेंगे - अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनावी से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक और बड़ा ऐलान कर दलित समाज के लोगों को सीधे तौर पर साधने की कोशिश की है। उन्होंने शनिवार को डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की। आप संयोजक ने बताया कि अब दिल्ली के दलित समाज के बच्चे दुनिया की किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकते हैं। पैसों की वजह से उन्हें उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। इसके लिए उन बच्चों को उस यूनिवर्सिटी में सिर्फ एडमिशन लेना है और उसके बाद उनके आने-जाने और पढ़ाई का खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ी जनसभा के बीच यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, आज मैं चाहता हूं कि कोई भी दलित समाज का बच्चा पैसे की कमी की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहे। इसलिए आज में डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान करता हूं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरीके से बाबासाहेब ने गरीबी से निकलकर विदेश की दो अलग-अलग यूनिवर्सिटी से डिग्रियां हासिल कीं, वह अपने-आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा और वे बच्चे भी विदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकते हैं।

# नर्सरी दाखिला- स्कूलों में उपलब्ध सीटों की तुलना में आए कई गुना अधिक आवेदन, जनवरी में आएगी पहली लिस्ट



नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के 1741 से अधिक निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को समाप्त हो गई. इसके बाद अब स्कूलों ने दाखिले के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर पहली सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. पहली सूची तैयार करने के लिए स्कूल पॉइंट्स क्राइटेरिया के आधार पर अंक देकर सूची तैयार कर रहे हैं. 17 जनवरी को पहली दाखिला सूची जारी की जाएगी लेकिन, इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि स्कूलों के पास उपलब्ध सीटों की तुलना में कई गुना ज्यादा दाखिला आवेदन प्राप्त हुए हैं. इसलिए स्कूलों को सूची तैयार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है. हालांकि, स्कूल सिबलिंग्स और एल्यूमिनी के आधार पर 25% अतिरिक्त अंक देकर पहले से स्कूल में पढ़ चुके या मौजूदा समय में पढ़ रहे बच्चों के भाई-बहन को वरीयता दे रहे हैं. नर्सरी दाखिला की प्रक्रिया को लेकर आईपी एक्सटेंशन स्थित नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल की निदेशक निधि पांचाल ने बताया कि उनके यहां पर नर्सरी दाखिले के लिए कुल 200 सीटें हैं, जिनमें से 50 सीटें ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के लिए आरक्षित हैं. अभी फिलहाल डेढ़ सौ सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया चल रही है. इन 150 सीटों पर दाखिले के लिए करीब 1500 आवेदन आए हैं. अब पॉइंट्स क्राइटेरिया के आधार पर पॉइंट देकर पहली दाखिला सूची तैयार करेंगे और 17 जनवरी को निदेशालय के निर्देशानुसार जारी की जाएगी. निधि पांचाल ने बताया ने बताया कि इस साल भी लगभग पिछले साल के बराबर ही दाखिला आवेदन प्राप्त हुए हैं. उन्होंने बताया कि कुल 200 सीटों में से 20% सीटें मैनेजमेंट कोटे की भी रहती हैं. इसलिए 40 सीटों पर दाखिला मैनेजमेंट कोटे के माध्यम से होगा. उन्होंने बताया कि ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के दाखिलों के लिए निदेशालय द्वारा अलग से अप्रैल माह में दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाती है. इसलिए 50 सीटों पर दाखिले अप्रैल माह के आसपास ही होंगे. मैनेजमेंट कोटे की 20न सीटों के हिसाब से मौजूदा डेढ़ सौ सीटों में से 30 सीटें मैनेजमेंट कोटे में रहेंगी. इस तरह कुल 120 सीटों के लिए पहली सूची 17 जनवरी को आएगी. वहीं, ईडब्ल्यूएस कैटेगरी की 50 सीटों में से मैनेजमेंट कोटे की 10 सीटों पर दाखिला अप्रैल माह में ईडब्ल्यूएस कैटिगरी की दाखिला प्रक्रिया के दौरान होंगे. इसी तरह मयूर विहार फेस 3 स्थित विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतबीर शर्मा ने बताया कि उनके यहां नर्सरी की कुल 90 सीटें हैं. इन पर दाखिले के लिए 350 आवेदन आए हैं. अब आवेदनों को देखकर और पॉइंट्स क्राइटेरिया के आधार पर अंक देकर पहली दाखिला सूची तैयार की जा रही है. 17 जनवरी को ही दाखिला सूची जारी की जाएगी.

पहली दाखिला सूची जारी होने के बाद पहली सूची में जो बच्चे दाखिला नहीं लेंगे और सीट खाली रह जाएगी तो उनके लिए फिर एक वेटिंग लिस्ट भी जारी की जाएगी.

इसी तरह, रोहतास नगर स्थित एसआर कैपिटल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्य छाबड़िया ने बताया कि उनके स्कूल में नर्सरी दाखिले के लिए कुल 160 सीटें हैं. इनमें से 40 सीटें ईडब्ल्यूएस कोटा के लिए रिजर्व हैं. इसके साथ ही बची हुई 120 सीटों में से 20न सीटें मैनेजमेंट कोटे के लिए हैं. इसके बाद बची हुई 96 सीटों के लिए 17 जनवरी को पहली सूची जारी की जाएगी. यहां नर्सरी दाखिले के लिए 500 से ज्यादा आवेदन आए हैं.

# देश के अन्य हिस्सों में पहुंच रहा मेरे गांव की मिट्टी जागरुकता अभियान, कीटनाशकों को लेकर किसानों को कर रहा जागरूक



नई दिल्ली । देश भर में किसानों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'मेरे गांव की मिट्टी', टशुद्ध उगाओ, शुद्ध खिलाओ' अभियान के एमडीएच परिवार के सुरेश राठी और उनकी टीम दिल्ली से नागौर (राजस्थान) पहुंची। यह टीम देश के किसानों को पेस्टीसाइड कीटनाशकों) से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराने और फसल की गुणवत्ता के साथ-साथ आय में कैसे इजाफा करने के बारे में बता रही है। इस दौरान सुरेश राठी ने देश भर के किसानों के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि एमडीएच उन किसानों को बाजार भाव से अतिरिक्त मूल्य देगा, जिनकी उपज विदेशी बाजार और देश के तय बाजार के मानकों के अनुसार होगी। इसके अलावा उनमें पेस्टीसाइड नहीं के बराबर पाया जाएगा। सुरेश राठी ने बताया कि जीरा को सामान्य जीरा के मुकाबले 15 फीसदी और मेथी पत्ता पर 20 फीसदी तक बाजार भाव से अधिक मूल्य पर खरीद करेगा। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सीआर चौधरी ने कहा जागरुकता अभियान को जन चेतना का अभियान बनाना है, जिससे देश का हर किसान जागरुक हो और आमजन को स्वस्थ अन्न मिले। नागौर जिलाधीश अरुण कुमार पुरोहित ने विश्वास दिलाया कि पेस्टीसाइड लैब टेस्ट के लिए प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार है। अरुण कुमार ने बताया कि नागौर की कसूरी मेथी अपनी खुशबू, रंग और स्वाद के लिए दुनिया भर में जानी जाती है।...तो फसल के मिलेंगे बेहतरीन दाम आईसीएआर के डायरेक्टर डॉ. विनय भारद्वाज ने कहा 'मेरे गांव की मिट्टी' एक सराहनीय कदम है। अगर किसान कम पेस्टीसाइड के कृषि उत्पाद उगाएगा तो निश्चित तौर पर उसे फसल का बेहतरीन दाम भी मिलेगा और खेत की मिट्टी के तत्व भी बरकरार रहेंगे। जरूरत सिर्फ किसान के जागरुक होने की है और आईसीएआर इस नेक काम में साथ है। मसाला कारोबार में हो सकती है बढ़त भारत से वर्ष 2023-24 में मसालों का कुल निर्यात 4.46 अरब डॉलर का हुआ है। इससे पता चलता है कि अगर मसाला इंडस्ट्री और सरकार मिलकर किसानों को पेस्टीसाइड को लेकर शिक्षित करें तो 2030 तक भारतीय मसाला कारोबार 20 अरब डॉलर का हो सकता है। यानी 5 साल में 5 गुणा बढ़ोतरी। राजस्थान में जीरा, लालमिर्च, धनिया, मेथी दाना, मेथी पत्ता की बेहतरीन फसल होती है। किसान भी चाहता है कि उसके उत्पाद विदेशी बाजारों में उचित कीमत पर बिके।

इस मौके पर नागौर के अतिरिक्त जिलाधिश, चम्पालाल जीनगर, आईसीएआर-एनआरसीएसएस अजमेर के डायरेक्टर डॉ विनय भारद्वाज, कृषि उपज मंडी के सचिव रघुनाथराम चौधरी, आईसीएआर - एनआरसीएसएस अजमेर से कृषि विज्ञान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रविन्द्र सिंह जी, आईसीएआर - एनआरसीएसएस अजमेर से कीट विज्ञान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कृष्ण कान्त गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जुगल किशोर सैनी और मार्केट टाइम्स से रुपा मैहता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 5 दिसंबर को दिल्ली में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने एमडीएच मेरे गांव की मिट्टी, जागरुकता अभियान की शुरुआत की थी।

# नोएडा में स्ट्रीट क्राइम की रोकथाम के लिए पुलिस का एक्शन, एंकाउंटर में 3 बदमाश गिरफ्तार

नोएडा । गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट का सड़कों पर होने वाले अपराध की रोकने के लिए चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली. जब अलग-अलग थाना क्षेत्रो में हुए दो एंकाउंटर में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये. जबकि एक बदमाश को पुलिस ने कॉबिंग ऑपरेशन में पकड़ा है. बदमाश के पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन,चोरी हुई मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है. पुलिस चेकिंग अभियान के दौरान बदमाशों की पहचान - पुलिस के हिरासत में इलाज के लिए ले जाए जा रहे बदमाश की पहचान दीपक के रूप में हुई है जो एक शातिर लुटेरा है. चोरी और मोबाइल लूट के मामले थाना सेक्टर-24, नोएडा और थाना कल्याणपुरी दिल्ली से जेल जा चुका है, एडीसीपी नोएडा जोन-1 ने बताया कि सेक्टर-57, नोएडा पर थाना सेक्टर-58, नोएडा की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी.दो बदमाश घायल, दूसरा कांबिंग के दौरान गिरफ्तार - चेकिंग के दौरान एक मोटर साईकिल पर दो व्यक्ति सवार आते दिखायी दिये, जिन्हें पुलिस ने रूकने का इशारा किया लेकिन वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर फायरिंग कर तेजी से चौकी सेक्टर-57 की तरफ सर्विस रोड से भागने लगे. पुलिस जवाबी कार्यवाही में बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया. जिसकी पहचान दीपक पुत्र हरीश के रूप में हुई तथा मौके से मोटर साइकिल अपाचे, तमंचा, कारतूस और लूट के 6 मोबाइल फोन बरामद हुए है. उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. मौके से फरार उसके साथी रामकिशन वर्मा कॉबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है.घायल बदमाश को अस्पताल में कराया गया भर्ती - पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच दूसरी मुठभेड़ थाना फेस 2 में हुई. सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन की तरफ वाले रोड की तरफ गंदा नाले की सर्विस पर हुई. एडीसीपी नोएडा सेंट्रल ने बताया कि थाना फेस 2 नोएडा पुलिस द्वारा याकूबपुर रेड लाइट पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की चेकिंग के दौरान एक बिना नम्बर की बाइक पर सवार व्यक्ति को रूकने का इशारा किया गया तो वो नही रूका और भागने लगा, जब पुलिस ने पीछा किया तो उसने तमंचे से पुलिस टीम फायर किया. पुलिस की कार्यवाही में बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया. बदमाश की पहचान सुमित गुप्ता के रुप मे हुई है.पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. गिरफ्तार तीनों बदमाशों से लूट के कई सामान बरामद = प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुमित एक नामी फूड चेन कंपनी में काम करता था और NCR क्षेत्र में मोटर साइकिल से लोगो के मोबाइल की लूट को अंजाम देता था. सुमित के पास से बिना नम्बर की काले रंग की स्पेलंडर प्लस बाइक, लूटा हुआ 3 मोबाइल फोन, तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है. उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी की जा रही है.

## नोएडा में नवजात बच्ची का शव कूड़े में मिला, अब जांच में जुटी पुलिस

नोएडा । थाना सेक्टर-58 क्षेत्र स्थित रजत विहार सोसाइटी के बाहर एक नवजात बच्ची का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि यह घटना लोक-लज्जा के डर से की गई प्रतीत होती है। लोगों का कहना है कि बच्ची की मां ने सामाजिक बदनामी से बचने के लिए उसे जन्म के तुरंत बाद कूड़े में फेंक दिया होगा। ठंड की वजह से नवजात की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बच्ची के माता-पिता और दोषियों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी में सपा का जोरदार प्रदर्शन, गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर मचा बवाल

वाराणसी । समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शनिवार को शास्त्री घाट पर गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के बयान को संविधान और बाबा साहब का अपमान बताते हुए कड़ी निंदा की। सैकड़ों की संख्या में जुटे सपा कार्यकर्ताओं ने शास्त्री घाट पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए जुलूस निकाला, जो अंबेडकर पार्क पर जाकर समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के पोस्टर पर स्याही पोतकर अपना आक्रोश जाहिर किया। साथ ही, नारेबाजी करते




हुए गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अमित शाह के बयान से देश के संविधान और बाबा साहब के योगदान का अपमान हुआ है। सपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गृह मंत्री अमित शाह के बयान को संविधान विरोधी बताते हुए तत्काल उनके इस्तीफे की मांग की गई। अंबेडकर पार्क पर आयोजित सभा में सपा नेताओं ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए गृह मंत्री पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान समाज में विभाजन पैदा करने वाले हैं और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर गृह मंत्री अमित शाह अपने बयान पर माफी नहीं मांगते, तो यह आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान की रक्षा और बाबा साहब के सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार है। इस प्रदर्शन ने वाराणसी में बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान खींचा। सपा के इस आंदोलन ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और अधिक विवाद होने की संभावना है।

# राम मंदिर देखने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी, ताजमहल को पीछे छोड़ा

## एकलाख से ज्यादा भक्त रोज करते हैं रामलला के दर्शन



अयोध्या । अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को रामलला मंदिर में विराजमान हुए थे। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन बड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक हर दिन एक लाख से ज्यादा भक्त दर्शन करने आते हैं।

शायद यही वजह है कि 9 महीने में देश के कई महत्वपूर्ण स्थलों जिसमें आगरा यानी ताज महल भी शामिल है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों की के मुताबिक जनवरी से सितंबर 2024 के बीच यूपी में 47.61 करोड़ पर्यटक आए हैं। इनमें 47.47 करोड़ घरेलू और 14.11 लाख विदेशी पर्यटकों हैं। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सर्वाधिक 1.84.026 विदेशी पर्यटक ने वाराणसी का भ्रमण किया है जबकि 13,55,87,370 घरेलू पर्यटक जिसमें श्रद्धालु भी शामिल हैं अयोध्या आए। वहीं आगरा में 9 महीने के अंदर 12.51 करोड़ लोग आए जिसमें 11.59 करोड़ भारतीय और 9.5 लाख विदेशी पर्यटक थे।

पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि अयोध्या पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। अयोध्या में प्रतिदिन एक लाख पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन खास पर्व और त्योहार पर यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है।

# संक्षिप्त समाचार

## मकान में भीषण आग से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

देवास । मध्यप्रदेश के देवास जिले में एक मकान में लगी भीषण आग से एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। नाहर दरवाजा पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात नयापुरा के एक डेयरी संचालक में आग लग गई। उनकी नीचे डेयरी थी और ऊपर पूरा परिवार रहता था। देर रात मकान में अचानक आग भड़क गई। मौके पर अग्निशमन पहुंची और आग को बुझाया। हादसे में डेयरी संचालक और उनके पूरे परिवार की दम घुटने से मौत हो गई। आग के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि डेयरी नीचे की मंजिल पर थी और दूसरे मंजिल पर परिवार रहता था। पहली मंजिल खाली थी। समझा जा रहा है कि आग डेयरी से फैली और पहली मंजिल पर रखे सामान की वजह से भड़की।

## लालू-नीतीश का उद्देश्य समाज को बांटकर राजनीति करना - प्रशांत

पटना । जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आज हमला बोला और कहा कि इन दोनों नेताओं का राजनीतिक मॉडल एक जैसा है, दोनों नेताओं का उद्देश्य समाज को बांटकर और सबको गरीब, अनपढ़ और मजदूर बनाकर अपनी राजनीति करते रहना है। किशोर ने शनिवार को कहा कि सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के नाम पर जनता को बेवकूफ बनाकर उनसे वोट लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव से किसी ने सवाल नहीं किया कि वो दावा करते हैं कि उन्होंने अपने शासन काल में गरीबों, वंचितों और पिछड़ों को आवाज दी लेकिन उन्होंने जिन वर्गों को आवाज दी, उन्हें शिक्षा, जमीन या रोजगार क्यों नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने आवाज दी, जिससे वो जीवन भर उनके लिए नारे लगा सकें और उनका झंडा लेकर घूम सकें। वहीं यदि उन्होंने इन वर्गों को शिक्षा दी होती या पूंजी उपलब्ध कराकर रोजगार मुहैया कराया होता तो आज वो उनकी पार्टी का झंडा लेकर नहीं घूम रहे होते। जनसुराज के सूत्रधार ने कहा कि अपनी राजनीति के लिए इन नेताओं ने पूरे बिहार को गरीब, अनपढ़ और मजदूर बना दिया है। इसका नतीजा है कि महज 400 रुपये पेंशन पाने के बावजूद लोग सरकार को इस बात के लिए वोट दे रहे हैं कि सरकार 400 रुपये दे रही है।

## राजस्थान के अनेक इलाकों में घना कोहरा

जयपुर । राजस्थान के अनेक इलाकों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और सबसे कम न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। शनिवार सुबह राज्य के कई इलाकों में घना तथा अति घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 4.2 डिग्री, सीकर में 5.0 डिग्री, पिलानी में 5.4 डिग्री, गंगानगर 6.1 डिग्री, नागौर व चुरू में 6.7 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 23-24 दिसंबर को राज्य के उत्तरी व पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने व आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। वहीं एक और पश्चिमी विक्षोभ के 26-27 दिसंबर के दौरान राज्य के कुछ भागों में सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ भागों में गरज के साथ हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम केन्द्र के अनुसार एक दो दिन न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं शीतलहर की संभावना है। जबकि 22-23 दिसंबर से पूर्वी हवाओं के प्रभाव से फिर न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी।

## बांदा में युवती की आत्महत्या के बाद उसकी सहेली ने भी की खुदकुशी

बांदा । उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के जारी गांव में शुक्रवार को एक युवती ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली और यह सूचना मिलने के बाद उसकी सहेली ने भी आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी शनिवार को दी। बांदा नगर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव में शुक्रवार को गर्म कपड़े न खरीदने से नाराज देवराज वर्मा की बेटी गायत्री (19) ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस गायत्री के शव का पोस्टमॉर्टम कराने की तैयारी कर ही रही थी कि कुछ ही देर में उसकी सहेली पुष्पा देवी प्रजापति (18) के भी फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना पुलिस को मिली। सीओ ने बताया कि अब तक जांच में सामने आया कि दोनों लड़कियां आपस में घनिष्ठ दोस्त थीं। गायत्री की आत्महत्या को पुष्पा बर्दाश्त न कर सकी और उसने भी आत्महत्या कर ली। दोनों सहेलियों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद जांच शुरू कर दी गई है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जाए सख्त कार्रवाई -भजनलाल

जयपुर । राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश में नियमों की पालना के प्रति सख्त नजर आये और यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने एवं सड़क सुरक्षा के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर्स के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। शुक्रवार को जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए बड़े सड़क हादसे के बाद इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है और मुख्यमंत्री ने इसमें यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति कोई कोताही नहीं बरतने तथा नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सड़कों के दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाना आवश्यक है। सभी जिलों में ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन किया जाए। साथ ही सभी जिलों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ते अनफिट एवं बिना परमिट के वाहनों, ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ सघन कार्रवाई करें। इसके अलावा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अर्पणा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव मौजूद थे जबकि इस दौरान समस्त जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।

## झारखंड- गंगा नदी में वाहन गिरने से दमकल विभाग के एक कर्मचारी की मौत

साहिबगंज । झारखंड के साहिबगंज जिले में दमकल विभाग के एक वाहन के शनिवार को गंगा नदी में गिर जाने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजमहल के अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि साहिबगंज जिले के मंगलाहाट क्षेत्र में आग बुझाने के बाद वाहन चालक एक कर्मचारी के साथ आज सुबह नदी के फेरी घाट पर वाहन में ईंधन भराने के लिए गए थे। एसडीओ ने बताया कि चालक ने ईंधन भरने के लिए वाहन को किनारे पर खड़ा करने के लिए 'रिवर्स गियर' लगाया तभी अचानक वाहन लुढ़क कर नदी में जा गिरा। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान पलामू जिले के निवासी अरुण कुमार के रूप में हुई है। एसडीओ ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया और क्रेन की मदद से वाहन को बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि ऐसा संदेह है कि वाहन का ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह नदी में गिर गया। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# नौसेना को मिले अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस सूरत और नीलगिरी जहाज

## पारंपरिक और अपारंपरिक खतरों का 'ब्लू वाटर' में मुकाबला करने में सक्षम हैं दोनों जहाज

नई दिल्ली । देश के आत्मनिर्भर होने की यात्रा में एक और ऐतिहासिक दिन जुड़ गया, जब भारतीय नौसेना को एक साथ दो युद्धपोत सौंपे गए। इनमें एक विध्वंसक सूरत और दूसरा फ्रिगेट नीलगिरी हैं। इन जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने निर्मित किया है। दो अत्याधुनिक युद्धपोतों के एक साथ समुद्री बेड़े में शामिल होने से भारतीय नौसेना की परिचालन और युद्ध क्षमता बढ़ेगी। नौसेना को मिला जहाज सूरत प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है। इस परियोजना की शुरुआत 2021 में हुई थी। कुल 7,400 टन वजन और 164 मीटर की लंबाई वाला निर्देशित मिसाइल विध्वंसक होने के नाते



आईएनएस सूरत शक्तिशाली और बहुमुखी प्लेटफॉर्म है, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है। इसने अपने समुद्री परीक्षणों के दौरान 30 नॉट्स (56 किमी/घंटा) से अधिक की गति प्राप्त की है। यह स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय नौसेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत है, जो इसकी परिचालन दक्षता को कई गुना बढ़ाएगा। नौसेना को सौंपा गया फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ का पहला जहाज है। इस योजना के सात जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से 'ब्लू वाटर' में मुकाबला करने में सक्षम हैं। नए जहाजों को डीजल या गैस से संचालित किया जाता है। इन जहाजों में अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली भी है। जहाजों में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी अपग्रेडेड गन और रैपिड फ़ायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों को लगाया गया है। नौसेना को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने को ध्यान में रखते हुए इन जहाजों में 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। इन परियोजनाओं ने देश में आत्मनिर्भरता, आर्थिक विकास, रोजगार को बढ़ावा दिया है। इन युद्धपोतों में लगे प्रमुख हथियार और सेंसर स्वदेशी कंपनियों बीएपीएल, एलएंडटी, एमटीपीएफ, बीईएल, बीएचईएल, महिंद्रा आदि से हासिल किए गए हैं। इस वर्ग के शेष छह जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। इन जहाजों के 2025 और 2026 में भारतीय नौसेना को सौंपे जाने की उम्मीद है।

# जयपुर में यूथ कांग्रेस ने सीएम आवास का किया घेराव, पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर किया लाठीचार्ज

जयपुर । राजस्थान प्रदेश यूथ कांग्रेस ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सरकारी आवास का घेराव किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता घायल हो गए। बेरोजगारी और नशे के विरोध में सीएम आवास घेरने जा रहे यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की तेज धार के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीछे हटने से इनकार कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कुर्सियां फेंकी, इससे माहौल और गरमा गया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, कई कार्यकर्ता घायल हो गए, तुरंत अस्पताल ले जाया गया। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और सांसद कुलदीप पुनिया ने हिस्सा लिया। राजस्थान यूथ कांग्रेस का यह प्रदर्शन 'नौकरी दो, नशा नहीं' अभियान के तहत हो रहा है। यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी और संविधान बचाने के लिए आवाज उठाना था। विरोध-प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान की निंदा की। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया ने कहा कि भाजपा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान कर रही है, इससे यह साफ झलकता है कि भाजपा दलितों के साथ अन्याय कर रही है। राजस्थान और देश में युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्हें नौकरी के नाम पर नशा दिया जा रहा है। मौजूदा सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश भर में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# बाबा साहब गॉड गिफ्ट है जो सदियों से सदियों तक अमर रहेंगे -इकराम राव




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शामली । समाजवादी पार्टी के एक दिवसीय प्रादेशिक धरना प्रदर्शन मे समाजवादी पार्टी जिला शामली की ओर से पिछड़ा वर्ग, मजदूर सभा, अनुसूचित जाति के नेताओं ने जिलाधिकारी महोदय को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम सपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर गृहमंत्री (भारत सरकार )अमित शाह द्वारा संसद मे सविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध मे ज्ञापन सौपा!गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी मानशिकता संसद भवन मे जाहिर की है जिससे उनके अनुयायी गरीब दलित मजदूर पिछड़ा अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के साथ साथ अन्य देशो मे भी बाबा साहब के सिद्धान्तओ को मानने वालों को आघात पहुंचा है, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरा उत्तर प्रदेश मे आज 21 दिसम्बर को अमित शाह के इस्तिफे ओर माफ़ी की मांग की, सपा नेता रविन्द्र प्रधान जोगी (प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग सपा )ने कहा की जिस संसद की गरिमा मे देश के पक्ष -विपक्ष नेतृत्व वाले नेता,सदन नेता,एक मज़बूत भारत की दिन रात सेवा करते है,ऐसे मे गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कोई भी अनैतिक बयान निदनीय है, जिसकी आज देश से लेकर विदेश तक भी घोर निदा हो रही है, मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष इकराम राव ने कहा की आज सर्वसमाज मे डा. भीमराव अम्बेडकर को गॉड गिफ्ट की उपाधि दी गयी है क्यूंकि उन्ही के सिद्धान्त इस देश की मज़बूत नीव बन चुके है, ऐसे महापुरुष सदियों से सदियों तक अमर रहते है, सपा नेता विक्की देशवाल ने कहा की ज़ब ज़ब चुनाव आता है तो ये नेता खुद को बाबा सहाब के अनुयायी बताने मे पीछे नहीं हटते है, जिनका इस तरह बयान बाजी से दलित समाज के साथ साथ सर्वसमाज भी इस्तिफे की मांग करता है, राशिद मलिक (जिला सचिव )ने कहा है कि गृहमंत्री के इस बयान पर देश मे सड़क से संसद तक विरोध प्रदर्शन जिस तरह हो रहा है इससे अमित शाह को स्वयं ही इस्तीफा दे देना चाहिए, ज्ञापन मे इकराम राव (जिलाध्यक्ष मजदूर सभा ) रविन्द्र पाल (जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग सपा )राजन तेजान ( पूर्व जिलाध्यक्ष ह्यष/ह्यह्ल)रहीश मिर्जा (जिलाउपाध्यक्ष पि. व.)राशिद मलिक (जिला सचिव पि. व. सपा शामली )विक्की देसवाल, ऋतिक बौद्ध, बाबू मलिक, शौकीन अब्बाशी, डा. राजकुमार कश्यप,डा. अनुज सैनी, वकार राव, प्रमोद कश्यप ,बहन सारिका मलिक, सतबीर सैनी, कृष्ण कश्यप, सचिन मलिक,पाल सिंह, सावन गौतम, इंतज़ार मंसूरी,संदीप शेरवाल आदि भारी संख्या मे सपा कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी शामली को महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापण दिया!

# अमित शाह ने पूर्वोत्तर परिषद के 72वें पूर्ण सत्र का किया उद्घाटन, बोले- 'नॉर्थ ईस्ट का विकास हमारी प्राथमिकता'

अगरतला । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अगरतला में प्रज्ञा भवन में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 72वें पूर्ण सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट बहुत समय से नई दिल्ली के लिए सिर्फ भाषणों का मुद्दा रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी संवेदनशीलता के कारण नॉर्थ ईस्ट को विकास के फोकस में लाकर रख दिया। इस 10 साल में इस क्षेत्र में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। नॉर्थ ईस्ट के लोगों की दिल्ली से दिल की दूरी को भी कम करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। जब प्रधानमंत्री ने स्वयं नॉर्थ ईस्ट को प्रमुखता दिया तो यहां तमाम विकास के काम हुए। यहां जो भी विवाद थे, उसे खत्म करने का काम हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य खतरों पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक प्रयास



करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, नशीले पदार्थों की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन मुख्यमंत्रियों तथा सभी संबंधित लोगों को और अधिक प्रयास करने होंगे। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रभावी कार्यान्वयन को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले साल फरवरी में वह तीनों नए कानूनों की प्रगति और कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में लंबे समय से लंबित अंतर-राज्यीय सीमा विवादों का सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान किया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद पूर्वोत्तर राज्यों की शांति और सद्भाव के लिए 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और क्षेत्र के राज्यों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 10,574 कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। गृह मंत्री ने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति बनाए रखने और सभी गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य पुलिस, सेना, असम राइफल्स और अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को शामिल करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया गया है। दो दिवसीय सम्मेलन में आठों पूर्वोत्तर राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र के लिए विकास-रणनीतियों पर चर्चा और प्राथमिकता तय करने के लिए एकत्रित हुए हैं। इस सम्मेलन में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार भी मौजूद हैं। शाह एनईसी के 72वें पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करने के लिए शुक्रवार को त्रिपुरा पहुंचे थे। परिषद पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। इस बैठक का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में समृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है। पूर्ण बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भविष्य की योजनाओं की रणनीति बनाने और चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्च-2025 तक पूरा कराएं सभी पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण- मुख्यमंत्री

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जुलाई-2024 से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी को लागू तीन नये कानूनों की प्रगति पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण मार्च 2025 तक पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि नये कानूनों के क्रियान्वयन के लिए उपयोगी अभी उपकरणों की उपलब्धता यथाशीघ्र क्रय कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने नये कानूनों के बारे में व्यापकक जनजागरूकता फैलाने की भी जरूरत बताई है। शुक्रवार को हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के सभी आईपीएस, पीपीएस और प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों और टेक्निकल स्टाफ को तीन नये कानूनों के संबंध में शत-प्रतिशत प्रशिक्षित किया जा चुका



है। वहीं 99 प्रतिशत निरीक्षकों, 95 प्रतिशत उपनिरीक्षकों तथा 74 प्रतिशत हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-25 में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। ऐसे में वहां नये कानूनों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदर्शनी लगायी जाए। इसके अलावा छोटे-छोटे वीडियो के जरिये श्रद्धालुओं को नये कानूनों की खूबियों के बारे में बताया जाए। साथ ही विशेष उपलब्धियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के साथ विगत कुछ दिनों में उल्लेखनीय दंड के प्रकरण जिनमें कम से कम समय में अपराधियों को सजा दिलायी गयी, उनका प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन नये कानूनों के अनुपालन में फॉरेंसिक का अहम रोल है। वर्तमान में प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक फॉरेंसिक मोबाइल वैन ही संचालित हो रही है। ऐसे में सीएम ने जल्द से जल्द सभी जिलों में एक-एक और नयी फॉरेंसिक मोबाइल वैन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जाए। इन कानूनों के क्रियान्वयन में उनकी अहम भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। सीएम ने कारागार में वीसी यूनिट के अधिष्ठापन की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिये। इसके अलावा सीएम ने सभी थानों पर विवेचकों और अभियोजन के अधिकारियों को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग यूनिट की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नये कानूनों के संबंध में उपकरणों का क्रय लगातार किया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने उपकरणों की क्रय प्रक्रिया में तेजी लाते हुए मार्च-25 तक क्रय प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये।